

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 29 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-300 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पिता की हत्या का आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

**बिलासपुर,29 जनवरी।** पैसा न देने पर पिता की हत्या करने वाले बेटे को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है. यह घटना 3 साल पहले तारबाहर थाना क्षेत्र के उर्दू मैदान के पास हुई थी. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था. जिसे तारबाहर पुलिस ने पंजाब के पटियाला क्षेत्र के ग्राम लुखंड से गिरफ्तार किया और आगे की कार्रवाई कर रही है. जानकारी के अनुसार, तारबाहर क्षेत्र के कंस्ट्रक्शन कॉलोनी में रहने वाला राहुल शंकर आए दिन पिता अरुण शंकर से रुपये की मांग करते हुए विवाद करता था. 8 अक्टूबर 2020 की सुबह भी वह पिता से रुपये मांग कर विवाद कर रहा था. दोपहर में उसने पिता अरुण शंकर की पिटाई कर लहूलुहान कर दिया. घायल पिता को उसका छोटा बेटा आकाश ऑटो से अस्पताल लेकर गया. इस मामले की दूसरे दिन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई. घटना के पांच दिन बाद 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान अरुण शंकर की मौत हो गई.





परीक्षा पे चर्चाः बस्तर के छात्र के सवाल पर मोदी का जवाब

# बच्चों को उनकी मस्ती में रहने दीजिए

**नई दिल्ली,29 जनवरी.** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज देश के बच्चों से परीक्षा पे चर्चा की. छत्तीसगढ़ के बच्चे भी पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जुड़े हुए थे. इस दौरान कांकेर के जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख तैफूर रहमान ने पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जुड़ा और पीएम मोदी से पश्न किया। छात्र ने कहा कि परीक्षा हॉल में घबराहट में बच्चे गलती कर देते हैं, इससे कैसे बचें?

छात्र के इस सवाल का जवाब पीएम मोदी ने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि घूम फिरकर तनाव फिर आ गया। इस तनाव से मुक्ति जरूरी है। कुछ गलतियां पैरेंट्स के अति-उत्साह के कारण भी होती है। बच्चे क्या पहन कर जाए इसपर ज्यादा प्रेशर पैरेंट्स न दें। आवश्यकता से ज्यादा खाना न खिलाएं। बच्चों को उनकी मस्ती में रहने दीजिए।

पीएम मोदी ने कहा कि बच्चों को खुद में खो कर रहना है। पहले या बाद में प्रश्नपत्र मिले तब भी बच्चे हड़बड़ाए नहीं। पहले पूरा प्रश्नपत्र पढ़िए, फिर तय करिए कि किस प्रश्न में लगभग कितना समय लगेगा, उस मुताबिक प्राथमिकता तय कर प्रश्नपत्र हल करिए। टेक्नोलॉजी के चलते लिखने की आदत कम हुई है, इसलिए लिखने की आदत डालनी जरूरी। ये सब उपाय करेंगे तो घबराहट नहीं होगा. बच्चे खुद की क्षमता पर फोकस करें।

आपको बता दें कि आपको बता दें कि पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सीएम साय भी शामिल हुए हैं। प. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सीधा प्रसारण से जुड़े थे। पीएम मोदी ने अपने पास सुकमा की छात्रा उमेश्वारी को बैठाया है और स्कूली बच्चों को परीक्षा से तनावमुक्त परीक्षा दिलाने के टिप्स दिए।

# चावल और डीएमएफ घोटाले में एफआईआर

रायपुर. कोयला और शराब घोटाले के बाद एन्टी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा ने चावल और डीएमएफ घोटाले में FIR दर्ज की है. एजेंसी ने 16 और 17 जनवरी को अपराध दर्ज किया है. जिसमें अधिकारी नेताओं और कारोबारियों को आरोपी बनाया गया है.

डीएमएफ फंड घोटाले में एफआईआर नंबर 01/2024 में धारा- 120-B-IPC, 409-IPC, 13(2)-PRE, 13(1)(a)-PRE और चावल घोटाले में 02/2024 में धारा 120-B-IPC, 420-IPC, 12-PRE के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. बता दें कि कुछ महीने पहले ईडी ने दावा किया था कि छत्तीसगढ़ 'मार्कफेड' के पूर्व प्रबंध निदेशक और एक स्थानीय चावल मिल मालिक एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने 'ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के फायदे' के लिए 175 करोड़ रुपये की रिश्वत जुटाई थी. आरोप था कि छत्तीसगढ़ राज्य राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ लिमिटेड (मार्कफेड) के अधिकारियों के साथ मिलीभगत की और विशेष प्रोत्साहन का दुरुपयोग करने और रिश्वत में करोड़ों कमाने की साजिश रची. ईडी की जांच में यह भी पता चला कि विशेष भत्ता 40 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल करने के बाद 500 करोड़ रुपये के भुगतान जारी किए गए. जिससे 175 करोड़ रुपये की रिश्वत मिली, जिसे रोशन चंद्राकर ने एमडी मार्कफेड की सक्रिय सहायता से एकत्र किया था. साल 2020 में प्रस्ताव तैयार कर 5050 हेक्टेयर भूमि में मक्के की फसल को प्रोत्साहित करने के नाम पर 26 अक्टूबर को एक करोड़ 99 लाख 97 हजार रुपये का हाइब्रिड मक्का बीज क्रय किया गया था. इसी तरह 2021 में फिर से उतने ही रकबे के लिए मक्का बीज खरीदे गए थे. कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इतने रकबे में मक्का लगाया ही नहीं गया था. वहीं नागरिक आपूर्ति निगम और मंडी के भी आंकड़े बताते हैं कि मक्का खरीदी पिछले दो सालों में नहीं हुई थी. 2018 में मक्के की खरीदी नागरकि आपूर्ति निगम के माध्यम से जिले में शुरू की गई थी. दो से तीन साल मक्का खरीदा गया. इसमें अधिकतम 800 हैक्टेयर में उत्पादित मक्का खरीदा गया था. इसकी धरमजयगढ़ और लैलूंगा क्षेत्र से खरीदी की गई थी. लेकिन हाईब्रिड मक्का बीज क्रय कर उसे पूरे नौ तहसील में बांटने की बात कही जा रही थी.

## गिरफ्तार हो सकते हैं सीएम हेमंत सोरेन

**रांची,29 जनवरी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें लगातार बढ़ते ही जा रही है। नोटिस के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम सोरेन के आवास पहुंच गई। सूत्रों के मुताबिक ईडी को अगर जरुरत महसूस हुई तो वे हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर सकते हैं। इससे पहले 20 जनवरी को ईडी की टीम सोरेन के रांची स्थित आवास पर 7 घंटे से भी ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। सोरेन के निवास के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली में शांति निकेतन स्थित उनके आवास पर दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। जिसे देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि ईडी की टीम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर सकती है। आपको बता दें प्रवर्तन निर्देशालय ने हेमंत सोरेन को 22 जनवरी को एक समन भेजा था। जिसमें जांच एजेंसी ने उनसे 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ का वक्त मांगा था। जवाब में उन्होंने बाद में पूछताछ का वक्त देने के लिए कहा था।

# ज्ञानवापी में सील इलाके को खोलने की मांग

**नई दिल्ली,29 जनवरी।** ज्ञानवापी केस में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। ज्ञानवापी में तहखानों को खोलने की मांग की गई है। इसके साथ ही सील इलाके के वैज्ञानिक सर्वे की भी मांग की गई है। हिंदू वादी ने सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर करते हुए 19 मई, 2023 के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की है, जिसके द्वारा उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पाए गए शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगा दी थी। आवेदन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक से सील क्षेत्र के भीतर स्थित शिवलिंग को कोई नुकसान पहुंचाए बिना इसकी प्रकृति और संबंधित विशेषताओं को निर्धारित करने के लिए कथित शिवलिंग की आवश्यक जांच/सर्वेक्षण करने का निर्देश देने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि शिवलिंग के आसपास की कृत्रिम/आधुनिक दीवारों/फर्शों को हटाकर सर्वेक्षण किया जाए और पूरे सील क्षेत्र का उत्खनन और अन्य वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके सर्वेक्षण किया जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रही वाराणसी जिला अदालत को सौंपी गई एएसआई रिपोर्ट मामले में याचिकाकर्ताओं को सौंप दी गई। रिपोर्ट के अनुसार,मौजूदा ढांचे के निर्माण से पहले वहां एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था। इसके कुछ हिस्सों का पुनः उपयोग किया गया था। एएसआई ने 839 पेज की वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर में मौजूद ढांचा (मस्जिद) से पहले वहां हिंदू मंदिर था। आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर, बनावट और वर्तमान ढांचा स्पष्ट तौर पर हिंदू मंदिर का भग्नावशेष है। एक अवशेष ऐसा मिला है, जिस पर तीन अलग-अलग भाषाओं में श्लोकों के साथ जनार्दन, रुद्र और उमेश्वर के नाम लिखे हैं। एक ऐसा स्थान भी मिला है जहां महामुक्ति मंडप लिखा है। सर्वे में 34 अवशेष और भग्नावेष और 32 ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो पूरी तरह दावा कर रहे हैं कि मस्जिद से पहले हिंदू मंदिर था और वर्तमान ढांचा यानी मस्जिद 17 वीं शताब्दी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो पहले स्ट्रक्चर (हिंदू मंदिर) था, उसे 17वीं शताब्दी में तोड़े जाने के बाद उसके पिलर और अन्य सामग्री का इस्तेमाल मस्जिद वनाने में किया गया।



# छात्रावास में अव्यवस्था, कलेक्टर ने लगाई फटकार

**राजिम,29 जनवरी।** गरियाबंद जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर एक्शन मूड में हैं. जिले में लगातार प्रसासनिक कसावट को लेकर लगातर चल रहे निरिक्षण के चलते आज छुरा के एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बच्चों के रहने और पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया. साथ ही बच्चों से पढ़ाई और रहने-खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली. कलेक्टर अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान आवासीय स्कूल के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने मौजूद स्टाफ से बच्चों की उपस्थिति, स्टाफ उपस्थिति पंजी, स्टॉक पंजी आदि की जानकारी ली. साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो लैब में जाकर प्रैक्टिकल के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. इसके अलावा छात्रावास में राशन सामग्रियों के रखने के लिए बनाए गए स्टोर रूम का भी



निरीक्षण किया. कलेक्टर ने बच्चों के रहने के कक्ष में भी जाकर साफ सफाई व्यवस्था, चादर, गद्दा, बेड, पंखे, लाइट, फिल्टर वाटर सिस्टम आदि का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान साफ सफाई नहीं पाए जाने, कचरा इधर-उधर बिखरे रहने और फिल्टर नल खराब रहने, स्टॉक पंजी संधारित नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई. साथ ही स्टोर रूम में खाद्यान्न सामग्रियों के उचित रखरखाव नहीं होने और सामान व्यवस्थित नहीं पाए जाने पर अधीक्षक पर कड़ी नाराजगी जताई.

इस मौके पर आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल भी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए. कलेक्टर अग्रवाल ने प्रिंसिपल के गायब रहने और आवासीय विद्यालय में भारी अव्यवस्था पाए जाने और स्टॉक पंजी के रख रखाव नहीं पाए जाने पर प्रिंसिपल और अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने छात्राओं के हॉस्टल में भी जाकर स्टोर रूम का अवलोकन कर जरूरी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. मौके पर महिला अधीक्षक किसी कर्मचारी को बिना लिखित प्रभार दिए अनुपस्थित पाई गई. कलेक्टर ने इस लापरवाही पर महिला अधीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. इस दौरान कलेक्टर ने बालक छात्रावास में बच्चों के रहने और पढ़ाई के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए छात्रावास के व्यवस्थाओं में जरूरी सुधार लाने के निर्देश मौके पर मौजूद स्टाफ को दिए. कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि छात्रावास के जरूरी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं लाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.


अनंत स्मृतियों का
प्रथम पुण्य स्मरण



जन्म 03.06.1982 निर्वाण 28.01.2023

स्व. मनीष शर्मा
(डायरेक्टर - सन् एंड सन् ज्वेलर्स)
(प्रथम पुण्यतिथि)

Sun & Sun® Group
Since 1930

श्रद्धांजलि

आपके अविस्मरणीय व्यक्तित्व में
गहरायी है अनंत सी
आपके संघर्षों की तपिश है प्रेरणा सी
आपके आदर्शों की राह पर बढ़ रहे है हम
अथक...निरंतर....

आपको हमारा शत्-शत् नमन
समस्त शर्मा परिवार, रायपुर

एक नजर

## महापौर ने सड़क डामरीकरण कार्य का किया आकस्मिक निरीक्षण



**दुर्ग, 29 जनवरी।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आज शनिवार को महापौर धीरज बाकलीवाल ने नया पारा से लेकर चंडी चौक होते हुए गुजराती धर्मशाला तकिया पारा तक सड़क डामरीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया।इसके अलावा गांधी चौक बोथरा ज्वेलर्स से होते हुए शनिचरी बाजार हार्डवेयर लाइन तक डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। महापौर के साथ सभापति राजेश यादव व ठेकेदार मौजूद थे। डामरीकरण कार्य 97 लाख की लागत से किया जा रहा है। नया पारा होते हुए माँ चंडी मंदिर चौक से लेकर गुजराती धर्मशाला मोती पारा चौक तक करीब दो किलो किमी लंबी सड़क का डामरीकरण आज ही प्रारंभ किया गया।सोमवार को डामरीकरण कार्य मान होटल से लेकर महात्मा गांधी स्कूल तक एवं इंदिरा मार्केट कुआँ चौक तक प्रारम्भ किया जाएगा।महापौर धीरज बाकलीवाल ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि काफी समय से वार्ड पार्षद व क्षेत्रीय नागरिक इस सड़क का डामरीकरण कराने की मांग कर रहे थे।यह कार्य पूरा होने पर यहां से आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।बाकलीवाल ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए।उन्होंने ठेकेदार को चंडी चौक से बाजार व तकिया पारा जाने वाले मार्ग पर डामरीकरण की क्वालिटी बेहतर रखने दिये सख्त निर्देश। वे समय-समय पर सड़क की गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण करते रहेंगे।

## गांडा समाज की बैठक संपन्न

**महासमुन्द, 29 जनवरी।** उत्कल गांडा समाज शहर ईकाई की दूसरी बैठक आज शकंराचार्य भवन मे सम्पन्न हुई।बैठक में बढ़ी संख्या में बुजुर्ग व युवाओ ने गांड़ा समाज से जुडकर समाज के संगठन को मजबुती देने आगे आये। आज की बैठक में उत्कल गांड़ा समाज के पंजीयन करवाने व आगामी 1 अप्रैल को उत्कल दिवस को भव्य रूप से मनाने पर चर्चा किया गया। जिसमें उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने उत्कल दिवस को मनाने ऐतिहासीक रूप से मनाने के लिये तन मन धन से सहयोग करने की बात कहीं।इसके लिये उत्कल गांडा समाज के द्वारा वार्ड वार्ड के उत्कल बस्तीयों में जा कर बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद बबलू हरपाल, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी,पार्थेबो बाघ, किनारी नायक, मोहतो जगत, दिपक नायक, सुरज नायक, संतु महानंद, सुनील नायक, जगन्नाथ छुरा,दशरथ महानंद, विक्की महानंद, सुर्दशन कुमार, दारासिंग छत्री, राजू कुलदीप, मनोज कुलदीप, दामोदर सोना, परखीत हरपाल, घनश्याम नायक, कन्हैया नायक,तरूण कुमार, रिंकु महानंद, लखन विभार, राहुल कुमार, आशिष सिक्का, अंशुल भारती, डोमार तांडी, संदेश बघेल,कृष्णा तांडी, ललित महानंद, प्रफ्फुल सोनवानी, संतोष बघेल, कस्तुब नायक, दिनेश कांकरीया, पूनम बघेल, शंकर पांडे, विजय प्रधान,प्रकाश तांडी, मोहन कुमार, हलधर महानंद, अजय कुमार,महेश बघेल, चिंता नेताम, अर्जुन बघेल, कृष्णा तांडी, संदेश बघेल, उपस्थित थे।

## महापौर ने आयुक्त, सभापति और पार्षदों के साथ किया ध्वजारोहण

**दुर्ग 29 जनवरी ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर।महापौर धीरज बाकलीवाल ने नगर पालिक निगम मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण किया।इस अवसर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव,एमआईसी दीपक साहू,हमीद खोखर,सत्यवती वर्मा,श्रद्धा सोनी,उपायुक्त मोहेंद्र साहू,ईई दिनेश नेताम,सहायक अभियंता आरके पलिया,वीपी मिश्रा,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,उपभिन्यता हरिशंकर साहू,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,लेखा अधिकारी आरके बोरकर,निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंग यादव,आशुतोष ताम्रकार,पूर्व एल्डरमेन रत्ना नामदेव,अनूप सोनी,निकिता मिलिंद के अलावा कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिलेगी :अशोक साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 जनवरी।** पूर्व विधायक और जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद किसानों और गरीब लोगो के चेहरे में खुशी दिख रही है । कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण लाखो परिवार को पीएम आवास नही मिल पा रहा था लेकिन डबल इंजन किवसरकर बनते ही लाखो परिवार को प्रधानमंत्री आवास मिलने की शुरुवात हो चुकी है साथ ही आसाजमिक तत्वों पर बुलडोजर चलना भी शुरू हो गया है । अवेध शराब बिक्री , गांजा बिक्री , सट्टा के खिलाफ लगातार कारवाई हो रही है । मोदी गारंटी की पीएम आवास से शुरुवात हो चुकी है जिस कारण छत्तीसगढ़ में लाखो परिवार को विकास की सौगात मिली है लेकिन विपक्ष को विकास नही दिख रहा है । मोदी गारंटी शत प्रतिशत लोगो को मिलेगी और छत्तीसगढ़ में



चहुंमुखी विकास सभी घरों के द्वार तक पहुंचेगी । गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्य पर विशेष फोकस होगा क्योंकि डबल इंजन की सरकार है । भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं होगा । शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से पहुंचे जिसके लिए संगठन पूरी तरह से ध्यान दे रही है । लोकसभा चुनाव में टिकट के कई नाम रेस में इस सवाल पर पूर्व विधायक और जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार होता है और केंद्रीय नेतृत्व जिस कार्यकर्ता पर मुहर लगाती है उसे टिकट मिलेगी । विपक्ष को जीरो सीट मिलेगी छत्तीसगढ़ में और छत्तीसगढ़ में ग्यारह सीट हम जीतेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों , किसानों , महिलाओ और युवाओं के लिए 24 घंटे विकास कार्य करते रहते है लेकिन विपक्ष सिर्फ परिवार वाद और भ्रष्टाचार पर ध्यान देती है जिसे भारत देश की जनता समझ चुकी है । इंडिया गठबंधन को इंडी गठबंधन कहते हुए पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की भ्रष्टाचार में फंसी हुई पार्टी मिलकर बनाया गया है जनता समझ चुकी है और देश में मोदी की सरकार हैट्रिक करेगी और विपक्ष मुक्त दिशा की तरफ जाएगी ।

## विधायक भोलाराम साहू ने अम्बागढ़ चौकी में फहराया तिरंगा

**अम्बागढ़ चौकी।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू चौकी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण किया। राजीव गांधी चौक ,गांधी चौक, अंबेडकर चौक ,नवनिर्मित लाल किला का उद्घाटन ,भारत माता चौक और मुख्य कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल अम्बागढ़ चौकी तिरंगा फहराया। खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया और झंडा वंदन किया।

साहू जी ने प्रदेश अध्यक्ष माननीय दीपक बैज के संदेश को अपने उद्बोधन में सुनाया और पूरे क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिए और छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्रवासी बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।




## भोरम देव शक्कर कारखाना में शान से लहराया तिरंगा

**कवर्धा, 29 जनवरी।** भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी भूपेंद्र ठाकुर ने तिरंगा ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में महा प्रबंधक अंकित मकराम , चीफ इंजीनियर यू के प्रसाद सहित समस्त अधिकारी स्टाफ किसान उपस्थित रहे । ध्वजारोहण के उपरांत मिठाई वितरित कर और मिठाई खाकर धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया । सभी लोगो ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी ।

# छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ की विशेष बैठक संपन्न



**भिलाई, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ की विशेष बैठक शनिवार को पॉवर जिम सेक्टर 6 में संपन्न हुई । इस बैठक में छत्तीसगढ़ रा'य पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के आयोजन तथा नियम व शर्तों पर चर्चा हुई एवं सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ रा'य सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर (बालक व बालिका/महिला पुरुष) क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन, दिनांक 1 से × मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन, दुर्ग जिला पावर लिफ्टिंग संघ एवं युवा मितान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दुर्ग में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा साथ ही इस प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले निर्णायकों को नगद राशि मानदेय प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन भुवनेश्वर, उड़ीसा में दिनांक 21 से 28 मई तक होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक व बालिका क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टीम में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में कई जाने माने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता तथा खेल पुरस्कार प्राप्त राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी खिलाड़ी भाग लेंगे । इस हेतु छत्तीसगढ़ के समस्त जिला / यूनिट के पदाधिकारियों/ खिलाड़ियों को विस्तृत सर्कुलर जारी कर आमंत्रित किया जाएगा । बैठक में छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के महासचिव, विक्रम, गुंडाधुर एवं वीर हनुमान सिंह अवार्डी कृष्णा साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## एसडीएम कार्यालय में ध्वजारोहण

**कवर्धा, 29 जनवरी।** कबीरधाम जिले में एसडीएम आफिस के प्रांगण में एसडीएम पी सी कोरी ने तिरंगा ध्वजारोहण किया और ध्वजारोहण कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । अधिकारी कर्मचारियों ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी ।






## पंडित धीरेंद्र शास्त्री को देखने और हनुमान कथा सुनने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**कवर्धा।** दुर्ग , भिलाई , रायपुर , साजा , बेमेतरा सहित गांवों से लाखों श्रद्धालु पंडित धीरेंद्र शास्त्री को देखने और हनुमान कथा को सुनने कवर्धा पहुंचे । कबीरधाम जिला भक्तिमय हो गया है । पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था । कवर्धा में बागेश्वर धाम बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया । श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की अच्छी व्यवस्था थी ।



## बाबा ताज के जन्मदिन पर की अमन व सलामती की दुआएं

**भिलाई, 29 जनवरी।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह के भिलाई स्थित आस्ताने पर बाबा की यौम ए पैदाइश का दिन 27 जनवरी पूरी शान और शौकत के साथ मनाया गया. इस दौरान बाबा ताज के आमद की खुशियां मनाते हुए केक काटा गया, जिसे वहां मौजूद सभी अकीदतमंदो एवं जायरीनों में तक्सीम किया गया। हज़रत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्ष ताज अंजुम ताजी ने औरतों की तकरीर भी रखी थी, जिसमें सिमगा की आलिमा शहाना नूरी बरकाती ने बाबा ताजुद्दीन की शख्सियत और उस दौर में सभी इंसानों के बीच मेल-मिलाप व एकता को बढ़ावा देने वाले तमाम कदमों का जिक्र किया। फातिहा ख्वानी के बाद सभी ने मुल्क में अमन व भाई-चारा कायम रहने की दुआएं की। अध्यक्ष ह'जन बदरूनिशा ताजी एवं गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी सहित तमाम लोगों ने खैर ओ बरकत की दुआएं मांगी और इसके बाद सैंकड़ों लोगों ने आम लंगर में शिरकत की।

# स्वच्छ धरा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



भिलाई, 29 जनवरी। स्वच्छ धरा समिति, छत्तीसगढ़ की भिलाई इकाई द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 46वें सप्ताह पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, हुडको भिलाई के परिसर में साफ-सफाई करते हुए गुटखा पाउच, डिस्पोजल, कागज, दोना पत्तल के कचरे एवं पत्तों को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया गया। समिति का उद्देश्य हरा भरा, स्वच्छ धरा है। स्वच्छता अभियान के पश्चात लोगों से निवेदन किया गया कि आप सभी अपने घर के आसपास, सार्वजनिक स्थल एवं मंदिरों पर स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छता के साथ ही मंदिर परिसर में आंवला का वृक्ष का पौधारोपण भी ट्री गार्ड सहित किया गया। ताकि माताएं बहनें आंवला नवमी पर पूजा-पाठ कर सके। इस स्व'छता अभियान में स्व'छ धरा समिति, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत हरदेल, भिलाई अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, सक्रिय सदस्य उमेद साहू, होत्री वर्मा, विजय वर्मा, वी के डबराल, दास दादा एवं श्रीमती सरोज टहनगुरिया ने अपना योगदान दिया।

## बुजुर्ग की मौत

**भिलाई ।** सुपेला थाना क्षेत्र फरीद नगर सुपेला निवासी मो. नसरुद्दीन मुला (62 ) नमाज पढ़ने पटरी पार कर कर मस्जिद गए था बाद में वहां से लौट रहा था इस दौरान शार्टकट के फेर में वह पैदल पटरी पार करने लगा उसी दौरान सामने से ट्रेन आ गई बताया जाता है कि बुजुर्ग संभल नहीं पाया और ट्रेन की चपेट में आ गया पुलिस ने शव को सुपेला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया था आज स्वजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई व पोस्टमार्टम कराया गया सुपेला पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है ।

# शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति का लोकार्पण विधायक ने किया

**दुर्ग, 29 जनवरी।** शहर के नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पॉलिटेनिक कॉलेज के करीब वार्ड 29 मे शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति का लोकार्पण आज पूज्य सिंधी जरनल पंचायत,दुर्ग द्वारा स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी स्मारक का लोकार्पण समारोह 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से रखा गया।जिसका कार्यक्रम पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक गजेंद्र यादव ने सभापति राजेश यादव व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,पार्षद नरेश तेजवानी की मौजूदगी में अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया।विधायक ने कहा अमर शहीद हेमू कालाणी में राष्ट्रवाद की भावना का संचार बचपन मे हो गया था।समारोह कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा,एमआईसी भोला महोविया,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर,पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,अरवींद्र खुराना,पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।सिंधी पंचायत में अखण्ड भारत की आजादी में योगदान देने वाले अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा शहर में लगाने के लिए काफी प्रयास



किए गए जो सपना देखा था वो आज हकीकत में बदलते देख कर समाज में खुशी की लहर है।बता दे कि निर्माण कार्य हेतु विधायक गजेंद्र यादव ने निर्माण कार्य के लिए 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के अनुशंसा पर नगर पालिक निगम द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट शहीद हेमू कालाणी की मूर्ति के लिए 12 लाख स्वीकृति की गई थी एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा के निधि से निर्माण कार्य हेतु 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी।कार्यक्रम इस अवसर के मौके पर मौजूद कुलदीप सिंह,आसन दास मोहतानी,महेशगणेशाती,निवालरतनानी,जशनमल पंजवानी,बादत्त भावनानी, सुरमुख गोदवाली,भरविंदर सिंह रहराता-सिख्ख समाएं,धर्मदास बगा, राम सिंधीपंचायत,टेकनदास पुलवाती सिंधी पंचायत रायपुर नाग,संचालन श्रीचंद लेखपानी के अलावा आदि मौजूद रहें।इस दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि हेमू कालाणी देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारीयो मे से एक थे 19 वर्ष की आयु में उन्हें अंग्रेजी हुकूमत के आदेश पर फांसी दी गई थी उन्होंने सक्खर पुल मे पटरी की फिश प्लेट खोलकर गिराने का काम कर रहे थे पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया ,जब जेलर उनसे अपने साथियों का पुछते थे तो वे अपने साथियों का नाम उनके हाथो मे हथोड़ा और पाना बताया करते थे।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर विजय शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

**भिलाई, 29 जनवरी।** भिलाई गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में उल्लेखनीय एवं विशेष कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्य अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान दुर्ग सीएसपी, डीएसपी व थानेदारों को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि मोहननगर थाना अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में तत्परता कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दुर्ग आर राजस्थान से गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य करने वाले दुर्ग सीएसपी मणिशंकर चन्द्रा, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री आकांक्षा पाण्डेय, मोहन नगर टीआई विजय यादव, जेवरा-सिरसा चौकी प्रभारी चेतन चन्द्राकर को सम्मानित किया। इसी तरह से सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा को थाना सुपेला के अपराधों की जल्द विवेचना रुप से करते हुए कानून व्यवस्था व सुरक्षा प्रबंध ड्यूटी समय पर संपादित कर सरानीय कार्य किया सुपेला टीआई



दूसरी बार उत्कृष्ट थाना व थाना प्रभारी का अवार्ड मिला है। वहीं पुलिस विभाग में अपनी कार्यशैली से विशिष्ट पहचान बना चुकी वैशाली नगर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा को भी सम्मानित कि या गया है सम्मान पाने वालों उतई टीआई कपिल देव पाण्डेय, राजीव रंजन सिंह सहित अन्य शामिल हैं

# शिक्षा से ही समाज और देश की उन्नति संभव: मुख्यमंत्री



**रायपुर, 29 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज शाम राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित मैक कार्निवल वार्षिकोत्सव 2023-24 थीम ÷संस्कार÷ में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत की प्राचीनकाल से ही शिक्षा के क्षेत्र में विश्वगुरु के रूप में विशिष्ट ?पहचान रही है। यहां पर तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालय मौजूद थे, जहां दुनिया भर से लोग ज्ञान प्राप्त करने आते थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। किसी भी देश और व्यक्ति का विकास शिक्षा के बिना नहीं हो सकता है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हम मोदी की गारंटी को तेजी से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज योग, आध्यात्म और आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के ट्रस्टियों से इस तरह के संस्थान बस्तर, जशपुर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में भी खोलने का आग्रह किया, ताकि इसका लाभ दूर-दराज अंचल के युवाओं को भी मिल सके। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में बच्चे अपना भविष्य बनाने आते है। शिक्षा के साथ संस्कार भी हो तो वह देश का एक अच्छा नागरिक बन सकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों का मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा का विकास होना चहिए । वह जिस भी क्षेत्र में जाना चाहता है अगर वहां पूरी तन्मयता के साथ लग जाय तो उसे उसकी मंजिल मिल ही जाती है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कॉलेज की तरफ से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया । इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज के ट्रस्टी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल, श्री चत्रुभूज अग्रवाल, श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल, श्री सुरेश गोयल, श्री विरेंद्र अग्रवाल, श्री नवल किशोर अग्रवाल, श्री राजेंद्र अग्रवाल, , श्री रमेश अग्रवाल, श्री आत्मबोध अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल सहित अन्य ट्रस्टी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राओं सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## एक नजर

### अंवरी में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**अंवरी29 जनवरी।** ग्राम अंवरी में हर्षोल्लास के साथ गांव में स्थित चारो स्कूल, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, बजार चौक, मिनीमाता चौक, साहू समाज भवन, धान खरीदी केंद्र में ध्वजारोहण कर मनाया गया7 शासकीय हाई स्कूल अंवरी में ध्वजारोहण पुर्व प्राचार्य राधेलाल चंद्राकर एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष के द्वारा किया गया और देश में संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश का संविधान देश की जनता की ताकत है जिसमे संविधान के तहत मौलिक अधिकार एव कर्तव्य भारत देश में निवासरत सभी धर्म, जाति, सम्प्रदाय के लोगो को एकता के सूत्र में पिरोय रखने का कार्य करती है और इसी के माध्यम से हम अपने अधिकारों और हको की रक्षा हेतु आवाज बुलंद कर सकते हैं लाखों कुर्बानिया देकर हमने ये आजादी प्राप्त की है और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में संविधान की बहुत ही महती भूमिका रही जिससे आम और खास को देश के अंदर एक समान अधिकार प्राप्त तत्पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया जिसमें बच्चों ने अनेक प्रकार से छत्तीसगढ़ के धरोहर को सवारते हुए संस्कृति पारंपरिक लोक नृत्य एवं गीत भाषण की प्रस्तुति दी जिससे ग्रामीणों से खूब तालियां बटोरी इस अवसर पर प्राचार्य आई आर साहू, स्कूल स्टाफ साला विकास समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे।

### जोरातराई अं में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 30 जनवरी से

**अंवरी 29 जनवरी।** ग्राम जोरातराई अं में केकती बाई साहू, रामस्वरूप साहू,पूर्णिमा साहू, डॉ. योगेश साहू के द्वारा 30 जनवरी से 06 फ़रवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक सर्वेश्वरानन्द सरस्वती महाराज चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश होंगे।

### इको कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर 29 जनवरी।** नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने वनमंत्री केदार कश्यप से मिलकर पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात का उद्देश्य स्थानीय वन्य जीवन सुरक्षा और वन्यजीवों के प्रबंधन व संरक्षण के लिए साझा सोच व्यक्त करना था। समीपीय वनांचलों और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, सोसाइटी के सदस्यों ने वनमंत्री से साथिकता और समर्थन का आग्रह किया। इस संदर्भ में सोसाइटी द्वारा 2024 एको कैलेंडर तैयार किया है जिसमें विभिन्न पर्यावरणीय, राजकीय दिवसों सहित संरक्षणप्राय वन्यजीवों के प्रति एक माह निर्धारित कर चिन्हांकन किया गया है, जिसका आज माननीय वन मंत्री द्वारा विमोचन/उद्घाटन किया गया। यह अनूठा कैलेंडर एक पर्यावरणीय मार्गदर्शक के रूप में लोगों को प्राकृति के संरक्षण की दिशा में अवगत कराएगा।

### मर्चेन्ट एसोसिएशन ने किया गोलबाजार में झंडा वंदन



**रायपुर 29 जनवरी।** भारतीय गणतंत्र के 75वें वर्ष पर मर्चेन्ट एसोसिएशन द्वारा गोलबाजार में झंडा वंदन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मर्चेन्ट एशोसियेशन के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम के अतिथि केदारनाथ गुप्ता (प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी) डॉ. सीमा कंदोई (पार्षद स्वामी विवेकानंद वार्ड) पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर आफकॉमर्स जैन जीतेन्द्र बरलोटा, अश्रफ हुसैन (राष्ट्रीय संयोजक कांग्रेस कमेटी अल्संख्यक विभाग) थे।

# रोशनी ने किया शाकंभरी जयंती पर सौर लाईट का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 जनवरी।** धामनसरा में कोसारिया मरार समाज द्वारा आयोजित शांकाभरी जयंती प्रभातफेरी सब्जी क्लश सजा कर माता सेवा के साथ धुमधाम मनाया कार्यक्रम मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य अध्यक्षता साधु राम पटेल पूर्व उपाध्यक्ष धामनसरा राज विशेष अतिथि लोकेश गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच बिसे पटेल अध्यक्ष धामनसरा राज कृष्ण पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच लालाराम निषाद भागवत दास वैष्णव हिरदे यादव के अतिथि में माता शांकाभरी पुजा विधि विधान से किया रोशनी वैष्णव ने पटेल समाज मांग पर सौर उर्जा लाईट दो नग रोशनी ने रोशनी कर शुभारंभ किया रोशनी वैष्णव ने कहा मगर समाज शुद्ध शाकाहारी सब्जी फल उदपादन करने वाले समाज है समाज लोग शुद्ध शाकाहारी उपयोग करें सब्जी फल से शरीर पौष्टिक आहार मिलती है जिससे शरीर के लिए लाभदायक होती एवं प्रोटीन पूर्ति भी करती है जिससे शरीर के विकसित और निरोगी रहती हैं समाज के कक्षा पांचवीं कु दिव्या पटेल प्रथम कक्षा आठवीं कु गीतांजलि पटेल प्रथम कक्षा दसवीं कु निकिता पटेल द्वितीय कक्षा निखिल पटेल प्रथम को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया अतिथि को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया पीलु पटेल रामबिलास पटेल भीखम पटेल हंसा पटेल मनमोहन पटेल रुपसिंग पटेल केश राम पटेल डीभू पटेल गोरेलाल पटेल समय लाल पटेल नेतराम पटेल संतराम पटेल चन्द्र कांत पटेल दयालु पटेल आभार जिवराखन पटेल ने व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### कृषि विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना थीम पर आधारित चलित झाँकी को मिला प्रथम स्थान



**राजनांदगांव 29 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कृषि विभाग की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की थीम पर आधारित चलित झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रायपुर पश्चिम श्री राजेश मूणत ने कृषि विभाग की टीम को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शित चलित झांकी में शासन की कृषक हितैषी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। धान की खेती बाहुल्य वाले जिला राजनांदगांव में किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती मिशन एवं अन्य योजनाओं से कृषकों को हो रहे लाभ का जीवंत प्रदर्शनी चलित झांकी के माध्यम से किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शित झांकी में जल संरक्षण व संवर्धन, जैविक खेती को प्रोत्साहन की दिशा में पहल, फसल विविधीकरण, समन्वित कृषक प्रणाली, समन्वित पोषकतत्व प्रबंधन, समन्वित कीटनाशी प्रबंधन, आजीविका से संबंधित स्वसहायता समूहों के सुदृढ़ होते जीवन स्तर, कृषि क्षेत्र में नवाचार तथा लघु धान्य फसलों की खेती एवं उत्पादों के पौष्टिक एवं औषधीय गुणों के साथ जनसामान्य के उपयोग को प्रोत्साहन देने से संबंधित जानकारियां प्रदर्शित की गई।

### छुरिया-खुज्जी विधायक भोलाराम साहू रामायण के समापन में पहुंचकर जनमानस को संबोधित किया



**छूरिया 29 जनवरी।** दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहीं काहुही ब्यापा।।सब नर करहि परस्पर प्रीति । चलहि सुवधर्म निरत श्रुति नीति।। रामराज्य में सभी लोग खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन जीते है। वे एक दूसरे से प्रेम करते है और एक दूसरे की मदद करते है। वे धर्म का पालन करते है और सदाचारी जीवन जीते है द्य इस पंक्ति में तुलसी दास रामराज्य के आदर्शो का वर्णन कर रहे है ।वे कहते है कि रामराज्य में लोगो को किसी भी प्रकार का नस्ट नही होता है।वे शारीरिक,मानसिक और भौतिक रूप से स्वस्थ होते है वे एक दूसरे के प्रति प्रेम और करुणा रखते है साथ में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रकाश शर्मा जी, भीकम देवागन जी गेंदाटोला के सरपंच पति हनीफ कुरैशी जी,राजू राजपुत,अफजल जी,समस्त ग्राम वासी बुद्धजीवी उपस्थित रहे।

### भैंसबोड़ में त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता 2 फरवरी से

**अंवरी 29 जनवरी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष पावन ग्राम भैसबोड़ में शिवा ग्रामोत्स्व समिति एवं समस्त ग्रामवाशियों के सहयोग से त्रिदिवसीय संगीतमय भव्य मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 2 फरवरी से 4 फ़रवरी तक किया जा रहा है 7जिसमे 2 फरवरी को प्रथम दिवस निलशंकर मानस परिवार कोपेडीह अभनपुर, लव निमेश मानस परिवार रायपुर,जय मां सरस्वती बालिका मण्डली कोकडी, महाकाव्य मानस परिवार कचना,वसुन्धारा मानस परिवार आमाकोनि बागबाहरा, सरस्वती मानस परिवार कपसदा कुम्हारी, भूमिजा महिला मानस परिवार गुडियारी रायपुर,जय मां खल्लारी मानस मंडली चिरपोटी कोलियारी,पीपर के छड़्हा मानस मंडली परसदा बस्तर, 3 फरवरी द्वितीय दिवस जय मां दुर्गा मानस परिवार बासिंग गरीयाबंद जगराता ग्रुप, मां रत्नावली बालिका मानस परिवार कुरूभाट डौंडीलोहारा, सुरसंगीता महिला मानस परिवार पोटियाडिह,सोन चिरइया मानस परिवार पीठौरा लामीडीह,श्रीराम नाम के दीप मानस मंडली चिद्दो डोगरगांव, श्रीराम मानस मंडली पापरा बालोद,श्रध्दा के फूल महिला मानस मंडली हाराडुला,श्रीराम मानस परिवार सोनपुरी खैरागड़,तुलसी के फूल पण्डवानी ग्राम मडेली, राम मानस मंडली माहूट मचान्दूर उत्तर बस्तर कांकेर,हरिओम सुर मोहनी मानस परिवार खरहरी खैरागढ़ एवं 4 फरवरी तृतीय दिवस श्रीराम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा नगरी आदि मंडलियों की प्रस्तुति होगी।

# ठाकुरटोला टोल प्लाजा में नि:शुल्क नेत्र शिविर

■ छुरिया एवं अर्जुनी बाजार में यातायात रथ के माध्यम से लोगों को किया जागरूक




**राजनांदगांव 29 जनवरी।** 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चौदहवें दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में ठाकुरटोला टोल प्लाजा में यातायात पुलिस द्वारा धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय उद्याचल राजनांदगांव के डॉक्टरों नीरज साहू, मीरा रावटे, संगीता सलामे, राजेश जॉज के सहयोग से प्र.आर. बलेश्वर ठाकुर आर. मिलाप बरेठ की उपस्थिति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर 40 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। दिनांक 29.01.2024 को दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के एनएसएस कैम्प बखत रेंगाकठेरा में यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दिया जाना है। जन-जागरूकता अभियान के तहत यातायात रथ के माध्यम से छुरिया एवं अर्जुनी हाट-बाजार एवं मार्ग में पड़ने वाले ग्राम चिचोला, शिकारी माहका, कोकपुर, डोंगरगांव में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत एवं फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। राजनांदगांव यातायात पुलिस आम लोगो से अपील करती है कि नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। जिससे किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना न हो एवं किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि न हों।

# सिन्हा समाज भवन का लोकार्पण एवं सहस्त्रबाहु अर्जुन भगवान की जयंती मनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 29 जनवरी।** विगत 25 जनवरी को छत्तीसगढ़ कलार सिन्हा समाज तहसील छुरिया के अंतर्गत ग्राम भोलापुर में सामुदायिक सिन्हा समाज भवन का लोकार्पण एवं भगवान सहस्त्र बहु अर्जुन की जयंती मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा,अध्यक्षता सिन्हा समाज के संरक्षक चंद्रिका प्रसाद डडसेना ,विशिष्ट अतिथि संतोष सिन्हा मंडलेश्वर ,नारायण सिन्हा सचिव ,रामकुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष ,हेमलता बंजारे, हेम साहू, लखन साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चंद्रिका प्रसाद डडसेना संरक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिन्हा समाज निरंतर प्रगति कर रहा है इसका कारण समाज में जागरूकता व शिक्षा का विस्तार होना है जिसके वजह से समाज दिन-ब-दिन प्रगति कर रहा है।



उन्होंने अनेकों उदाहरण देकर तथा सहस्त्रबाहू के प्राक्रम को बताकर ,समाज के लोगों का दिल जीत लिया।राजकुमारी सिंहा मुख्यातिथि ने कलार समाज के इष्ट देवी माता बहादुर कलारीन के बहादुरी का बखान करते हुए ग्राम सोरर के गाथा को विस्तार से बताये। इस अवसर पर देवधर सिन्हा,मोहित सिन्हा , सतीश सिन्हा ,दिलीप सिंहा ,छगन सिन्हा,वैशाखू सिन्हा, राजकुमार ,मनोज सिन्हा, राम प्रसाद सिन्हा ,महेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# शराब की अवैध बिक्री करते कोचिये को पुलिस ने दबोचा

**डोंगरगांव 29 जनवरी।** दिनांक 28.01.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे अवैध शराब बिक्री की गतिविधीयों पर नजर रखा जा रहा था , इसी दौरान ग्राम हालाडुला मे पता चला कि ग्राम हालाडुला पर एक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से बिक्री हेतू अधिक मात्रा मे शराब रखा है , कि सूचना पर थाना डोंगरगांव मे सउनि रविशंकर पैकरा, चालक आर0 1168 जामेन्द्र वर्मा, आर0 390 जितेश कुमार साहू, आर0 948 चंद्रपाल घृतलहरे, की पुलिस टीम गठित कर दिनांक 28.01.2024 को मौके पर संदेहीयों पर पैनी नजर रखते हुये ग्राम हालाडुला मे रेड कार्यवाही कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी हेमप्रसाद पडौती पिता कार्तिकराम पडौत , उम्र-50 साल , साकिन ङ्क हालाडुला , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0, के कब्जे से एक कपडा के थैला जिसमे विमल लिखा है जिसमे 110 नग देशी प्लेन शराब प्रत्येक मे 180 एमएल भरा हुआ सीलबंद , छत्तीसगढ निर्मित , कुल मात्रा 18.800 एमएल , कीमती 8800/-रूपये, को जप्त कर कब्जा पुल?स मे लेकर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है , क्षेत्र के अवैध शराब बेचने वाले ,शराब तस्कर व अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन लेते हुये पैनी नजर रखा जा रहा है , सुचना सही होने से तत्काल कार्यवाही किया जा रहा है । इस प्रकार से थाना डोंगरगांव की रेड कार्यवाही सफल रहा ।



# कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए तैयारी शुरू

■ 6 फरवरी तक गूगल लिंक में बिल्डर या वेलफेयर सोसाइटी को देनी होगी जानकारी, फिर होगी कॉलोनी की जाँच

■ खिताब की दावेदारी में सब जुटे, 15 फरवरी का इंतजार है रहवासियों को




**रायपुर 29 जुलाई।** नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर की रेज़ीडेंशियल कॉलोनी की पहली त्रैमासिक रैंकिंग फ़रवरी में होगी । साल के पहले तिमाही से शुरू इस रैंकिंग में सबसे ऊपर रैंक पाने वाली कॉलोनी को इस बार क्लीन -ग्रीन अवार्ड से भी नवाज़ा जाएगा । स्वच्छता के राष्ट्रीय रैंकिंग की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है । राज्य सरकार के निर्देश पर सफ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए नगर निगम द्वारा हाल ही में विशेष सफ़ाई अभियान संचालित किया गया , जिसमें ज़मीनी स्तर पर व्यवस्था में कसावट के लिए सघन मॉनिटरिंग के साथ नागरिकों से सीधे फीडबैक लेकर बड़ी कार्यवाही भी नगर निगम ने की है । अब स्वच्छता गतिविधियों से कॉलोनियों को सीधे जोड़ा जा रहा है । सभी फ़्लैट्स और मकानों से संबद्ध रेसीडेंशियल एसोसिएशन और बिल्डर्स से कहा गया है कि फ़रवरी के पहले सप्ताह में स्वच्छता संबंधी पोर्टल में अपनी कॉलोनी में उपलब्ध सुविधा संबंधी जानकारी भरकर अपना नामांकन कर सकेंगे । नामांकन में सहायता के लिए नगर निगम ने बाक़ायदा मोबाइल नंबर -8319667095 जारी किया है , जो पोर्टल में शुरू होने वाले गूगल लिंक से संबंधित पूरी जानकारी देगा । इस गूगल लिंक पर ही 6 फ़रवरी तक नामांकन होंगे , उसके बाद स्पेशल टीम कॉलोनियों की जाँच कर उपलब्ध सभी सुविधाओं का परीक्षण करेगा ,जिसके निष्कर्षों के आधार पर 15 फ़रवरी को पहली त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन -ग्रीन अवार्ड की घोषणा होगी ।

## अमेरिका से भी इलाज के लिए मांझी के पास आते हैं मरीज

# मुख्यमंत्री ने हेमचंद मांझी को किया प्रोत्साहित



**रायपुर, 29 जनवर।** आयुर्वेद में एक कहानी बताई जाती है। तक्षशिला विश्वविद्यालय में जब चरक और साथियों की गुरुकुल में शिक्षा पूरी हुई तो उनके गुरु ने अंतिम परीक्षा के लिए उन सभी को बुलाया। उनसे कहा कि ऐसे पौधे लाकर दें जिसमें औषधीय गुण हों और जिसके बारे में अब तक बताया न गया हो। सभी विद्यार्थी कुछ पौधे लेकर आये, केवल चरक कुछ नहीं लाये। जब चरक से गुरू ने पूछा कि पौधे क्यों नहीं लाए। चरक ने कहा कि मुझे सभी पौधों में कुछ न कुछ औषधीय गुण मिले, चूंकि सभी को लाना संभव नहीं था, इसलिए मैं खाली हाथ आया। गुरु जी ने कहा कि परीक्षा में केवल चरक उत्तीर्ण हुए। संसार में हर पौधे में कुछ न कुछ औषधीय गुण मौजूद हैं। यह कहानी बताती है कि जड़ी-बूटी के क्षेत्र में अनुसंधान की बड़ी गुंजाइश होती है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में रहने वाले वैद्य श्री हेमचंद मांझी ने अपना पूरा जीवन इन्हीं जड़ी-बूटियों की खोज की और लगभग पांच दशकों से हजारों लोगों को ठीक किया है। आम जनता की इस अहर्निश सेवा के चलते केंद्र सरकार ने इन्हें पद्मश्री से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में श्री मांझी का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। आपने परंपरागत जड़ी-बूटियों के माध्यम से अनेक बीमारियों में लोगों का उपचार किया है। अमेरिका जैसे देशों से भी पेशेंट आपके पास आये हैं। यह ऐसी विद्या है जिसे अगली पीढ़ी तक पहुँचाना है। उल्लेखनीय है कि श्री मांझी ने छोटे डोंगर में ऐसे समय में लोगों का जड़ी बूटियों से इलाज करने का निर्णय लिया जब यहां स्वास्थ्य सुविधाएं बिल्कुल नहीं थी। परिवार में किसी के वैद्य के पेशे में नहीं होने के बावजूद उन्होंने सेवाभाव के चलते यह निर्णय लिया। उनके अनुभव के चलते उनका ज्ञान बढ़ता गया और नारायणपुर के अलावा दूसरे जिलों के मरीज भी उनके पास आने लगे। वैद्य श्री मांझी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम तो सेवा का कार्य कर रहे थे। लोगों का उपचार कर रहे थे और खुश थे। जब पता चला कि मोदी जी ने पद्मश्री के लिए चुनने का निर्णय लिया है तो पहले तो आश्चर्य हुआ। हमें लगा कि दिल्ली में भी बैठकर मोदी जी की सरकार पूरे देश में हो रहे अच्छे कामों पर नजर बनाये हुए हैं और सेवा का काम करने वालों को सम्मानित करते जा रही है।

## संपादकीय

# मिले सबूत उत्साह बढ़ाने वाले हैं

जब समय अच्छा आता है तो सब कुछ अपने आप अच्छा होने लगता है,जो काम बरसों में होना रहता है वह काम कुछ ही दिनों में हो जाता है। देश के हिंदू समाज के लिए यह अच्छा समय है। अयोध्या में राम लला के विराजते ही देश में कुछ कुछ अच्छा होने लगा है। देश में राम लला के अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजते ही देश में खुशी ऐसी लहर उठी है जैसी लहर आजादी के बाद से कभी देखी नहीं गई है। चार दिन में अयोध्या में 12 लाख लोग राम लला के दर्शन कर चुके हैं। रामभक्तों की भीड़ इसके बाद भी कम नहीं हुई है। रोज दो से तीन लाख लोग राम लला के दर्शन को अयोध्या पहुंच रहे है। देश में लोग रामलला के भव्य मंदिर में विराजते से बहुत खुश हैं। ऐसे में ज्ञानवापी मामले में एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद जो सबूत सामने आए हैं उससे हिंदू समाज का उत्साह और बढ़ गया है तथा हिंदू समाज उम्मीद कर रहा है कि इस मामले में कम से काम उतना वक्त नहीं लगेगा जितना वक्त रामजन्मभूमि वाले मामले में लगा था। राम लला का मामला आजादी के बाद से चला आ रहा था, उस पर लंबी अदालती कार्रवाई के कारण बहुत समय लगा। एक पक्ष चाहता ही नहीं था कि इस मामले में कोई फैसला कोर्ट जल्द करे। वह मामले को लंबा खींचता चला गया। उस वक्त केंद्र व यूपी में कांग्रेस की सरकार होने के कारण मामले को सुलझाने में सरकारों ने भी जो सहयोग कर सकती थी नहीं किया। बीजेपी सरकार केंद्र व यूपी में आई तब जाकर सरकारों के सहयोग से इस मामले में निरंतर सुनावाई हुई तथा मामले का फैसला आया। हिंदू समाज ने इस दौरान अदालत पर भरोसा किया कि वह जो फैसला देगा वह सही होगा। सारे सबूत हिंदू समाज के पक्ष में थे। ऐसे में हिंदू समाज की अपेक्षा करना कि फैसला हमारे पक्षमें आएगा कोई गलत बात नहीं थी । कोर्ट में तो जीतता वहीं है जो सबूत पेश करता है। रामजन्मभूमि मामले में सबूत हिंदू पक्ष में थे, इसलिए कोर्ट ने हिंदू समाज के पक्ष में फैसला दिया। इस फैसला का हिंदू समाज ने स्वागत किया। ऐसा कुछ नहीं किया कि जिससे दूसरे पक्ष के लोगों को किसी तरह का अपमान हो। पांच साल हिंदू समाज ने धैर्य का परिचय दिया। अब राम लला का मंदिर बन गया है, राम लला भव्य मंदिर में विराजे हैं तो ज्ञानवापी मामले में जो सबूत सामने आए हैं वह हिंदू समाज के लिए शुभ हैं। एएसआई की रिपोर्ट वैज्ञानिक तौर पर बनाई गई है, सभी लोगों के सामने यह सर्वे किया गया है, इसलिए इसमें पक्षपात की कोई गुंजाइश नहीं है। यह रिपार्ट तथ्यों व साक्षो पर आधारित हैं. इसके बाद भी दूसरे पक्ष के लोग इस रिपोर्ट को खारिज कर रहे हैं, मामने से मना कर रहे हैं तो यह तो सीधे कोर्ट की अवमानना है क्योंकि एएसआई ने अपना मर्जी से तो ज्ञानवापी मामले में कोई सर्वे नहीं किया है। उसे कोर्ट ने सर्वे करने के लिए कहा था, उसने सर्वे रिपोर्ट दोनों पक्षों को सौंप दी है। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर कोई रोक नहीं थी, इसलिए हिंदू पक्ष ने इसे सार्वजनिक कर दिया है। इस सर्वे के मुताबित ज्ञानवापी मस्जिद को मंदिर को तोड़कर बनाया गया है। इसका प्रमाण सर्वे में मिले शिवलिंग, गणेश आदि भगवानों की प्रतिमा है, हिंदू मंदिरों में मिलने वाले चिन्हैं, हिंदू शिलालेख हैं। सर्वे में मिले सारे सबूत तो इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञानवापी मंदिर है, वहां मस्जिद मंदिर को तोड़कर बनाया गया है। न्याय का तकाजा तो यह है कि सारे सबूंत सामने आने के बाद दूसरे पक्ष को यह जगह खुद की सामने आकर हिंदू समाज को सौंप देनी चाहिए और मान लेना चाहिए कि सदियों पहले हमारे पूरखो से गलती हुई थी.हम वह गलती सुधारना चाहते है। ऐसा करने पर दोनो पक्षों के बीच भाईचारा मजबूत होगा। यह काम तो आजादी के बाद ही हो जाना था लेकिन कांग्रेस सरकार ने अप वर्ग विशेष को अपना वोट बैंक बनाए रखने के लिए ऐसा नहीं किया। उसने तो ऐसा कानून बनाया जिससे देश में जितने भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है,वह सब मस्जिद ही बनी रहती। इससे हिंदू समाज बरसों ने न्याय के लिए कोर्ट तक नहीं जा सका। अब जाकर न्याय का रास्ता खुला तो हिंदू समाज कानून के अनुसार ही न्याय चाहता है। उसके साथ फिर न्याय होगा क्योंकि उसने किसी के साथ कोई अन्याय कभी किया नहीं है।

# नीतिश की चालों से इंडिया गठबंधन को झटका

**राजनीति**

**ललित गर्ग**



अब लगभग यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं के द्वारा हल्के में लेने की स्थितियां उनके लिये कितनी भारी हो सकती है। दूसरा भारत की राजनीति में भाजपा अगर कुछ करने की ठान लेती है तो वह उसे पूरा करती ही है। बिहार में सत्ता का समीकरण बदलना इसी बात का द्योतक है। बिहार में जारी सियासी उथलपुलथ के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जाएगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की रणनीति का यह एक बड़ा दांव सफल होता हुआ दिख रहा है। वैसे भाजपा एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार के बीच भीतर-ही-भीतर यह कीचड़ी विगत कुछ समय से पक रही थी। इसका पहला ठोस संकेत जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर उनके द्वारा पहले भाजपा सरकार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये धन्यवाद से सामने आया। दूसरा बड़ा संकेत कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में नीतीश कुमार ने तंज कस कर कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, इस रूप में सामने आया। इसे सीधे तौर पर लालू प्रसाद यादव पर हमला माना गया, जिनकी पार्टी के साथ वह बिहार में सरकार चला रहे हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद से राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गई है। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। वहीं महगठबंधन के सहयोगी दल भी सकते में आ गये हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने की कवायद करने वाले नीतीश कुमार ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने ही पिछले साल जून में पटना में विपक्षी दलों की महाजुटान की थी। उनकी पहल पर ही विपक्ष के तमाम दल मतभेदों के बावजूद एक प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हुए ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारा जा सके। लेकिन जब चुनाव एकदम सिर पर आ गया तो नीतीश कुमार ही पाला बदलने जा रहे। तिनका-तिनका जोड़कर विपक्षी एकजुटता का ताना-बाना तैयार करने वाले जेडीयू चीफ ऐन वक्त पर खुद ही गठबंधन से दूर होने जा रहे हैं। ये विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा आघात है।

लोकसभा चुनाव में अब दो-ढाई महीने का समय ही शेष हैं। भाजपा हर हालात में नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार सत्ता के सिंहासन पर बैठाना चाहती है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर से पैदा हुई हिंदुत्व लहर पर सवार भाजपा जाति को साधने में भी पीछे नहीं है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। दलितों को लुभाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने का प्लान भी तैयार हो चुका है। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर उसके सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया की नजर हर हाल में मोदी के विजय रथ को रोकने पर है। लेकिन लगभग टूट एवं बिखर चुके इंडिया किस तरह मोदी रथ को रोक पायेंगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हांफने लगा है। नीतीश कुमार का पाला पाला बदलना वैसे ही है जैसे युद्ध शुरू होने से ऐन पहले सारथी ही पाला बदल ले। गठबंधन के नीतीश ही नहीं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, जिससे गठबंधन की गाड़ी आगे सरकती नजर नहीं आ रही है। गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान ही नहीं, ग्रहण लग गया है। बिहार की उठापटक एवं बदलते राजनीतिक समीकरणों का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा से मिलकर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो इनमें से अधिकाधिक लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की संभावना अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। बिहार में नीतिश की इसी भूमिका के कारण ही इंडिया गठबंधन में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का यह पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था। ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रक्रिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।

राजनीति में जब नीति गायब होने लगती है तो बेमेल गठबंधनों के बनते एवं बिखरते के दृश्य देखने को मिलते हैं और, इस बुराई के लिए कमोबेश सभी राजनीतिक दल समान रूप से जिम्मेदार हैं। देखा जाए तो सबकी नजर में 2024 का लोकसभा चुनाव है जहां 40 सीटों वाले बिहार की भूमिका को अहम मानते हुए अभी सारे दांव-पेंच वहीं चल रहे हैं। बिहार में नया सियासी समीकरण कितना बदलाव लाएगा, यह भविष्य ही बताएगा। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। वैसे भी अब नीतिश की छवि अवसरवादी नेता की हो गयी है। दरअसल यह अवसरवादिता और मौकापरस्ती की हद है जिसका राजनीति में प्रतिकार होना चाहिए। वास्तव में बिहार का ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इस राज्य में जातिवादी और परिवारवादी राजनीति ने इस प्रदेश की जनता के मौलिक अधिकारों से उनको वंचित किये हुए हैं और इस प्रांत के लोगों को भारत का सबसे गरीब आदमी बनाया हुआ है। जबकि बिहारियों का भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान कम नहीं हैं, सबसे अधिक मेहनती एवं बुद्धिजीवी लोग यही से आते हैं। लेकिन दूषित राजनीति की कालिमाएं यहां के धवलित इतिहास को धुंधलाती रही है। यहां की राजनीति की सत्तालोलुपता एवं भ्रष्टता लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करती रही है। जबकि प्रामाणिकता एवं सिद्धान्तवादिता राजनीतिक क्षेत्र में सिर का तिलक है और अप्रामाणिकता एवं अवसरवादिता मृत्यु का पर्याय होती है। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। नीतीश बाबू ने जिस महागठबन्धन को बनाया, बनने के साथ ही उसकी उल्टी गिनती शुरु हो गयी थी। अब तो खुद सारथि ही अपना पाला बदल रहा है।

आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे हैं। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर इंडिया गठबंधन की छतरी के नीचे आये जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे एवं अन्य मुद्दों पर अब बिखर चुके हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षक व आवश्यकता बता रहे थे, तो कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे थे, लेकिन सबके सपनों पर ग्रहण लग गया। विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे भले ही हो, लेकिन भाजपा ने चुनाव से पहले ही उनको उनकी जमीन दिखा दी है। भाजपा पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ आगे बढ़ रही है, जिन राज्यों में उसके लिये चुनौतियां अधिक प्रखर है, उन्हीं राज्यों में वह समग्रता एवं एकाग्रता से अपनी रणनीतियों को अंजाम दे रही है, बिहार भी उन्हीं में एक था। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हर चुनौती के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं चुनौतियों को संभावनाओं में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। बेहतर होगा कि वरिष्ठ सदस्य की सलाह और मार्गदर्शन करते हुए ध्यान दें। आप आज अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित भी कोई काम हो सकता है। आज बिजनेस में आपको अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। आज सिर्फ अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाने में ध्यान देंगे। सावधानी रखने से बिना रुकावट काम पूरे होगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। इस समय बढ़ते खर्चों में कटौती संभव नहीं है। धैर्य और संयम रखें और गुस्से के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालेंगे। फालतू बातों में ध्यान ना दे और अपने काम में ही व्यस्त रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी। आज समय का उचित सदुपयोग करेंगे तो आपको लाभ मिलने के योग हैं। आज आप व्यक्तिगत कार्यों के साथसाथ सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे कार्यों में भी रुचि लेंगे। साथ ही अपनी योग्यता और कार्य क्षमता से कोई मुकाम हासिल कर लेंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके भी भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कोई ऑफिशियल यात्रा भी करनी पड़ सकती है। प्रमोशन की संभावनाएं बन रही है। दांपत्य जीवन में एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक भावनाएं रहेंगी और घर में सुकून भरा और खुशनुमा माहौल रहेगा। भावुकता में लिया गया निर्णय गलत साबित हो सकता है आज किसी पर भी ज्यादा विश्वास रखना उचित नहीं है।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों को कोई शुभ सूचना मिल सकती हैं। कार्यक्षेत्र में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है, इससे सहयोगी और कर्मचारियों की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती हैं। आज कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। व्यवस्थित दिनचर्या और खानपान आपका स्वास्थ्य ठीक रखेगा। आप स्वयं को स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता रखेंगे। अगर घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बन रही हैं, तो वास्तु संबंधी नियमों का भी पालन करना उचित रहेगा। आज आप अपने किसी खास हुनर को निखारने का प्रयास करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज योजनाबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज दूर होगी, रिश्ते में मधुरता आयेगी। परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा। व्यवसाय में बहुत ही संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। इस समय विस्तार संबंधी योजनाओं पर पुनर्विचार अवश्य करें।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मानसम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी ना होने दें। इससे आपकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें। आज व्यापार में आ रही समस्याओं का काफी हद तक निवारण होगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलनामिलना अच्छा नहीं है, पहले उसके बारे पूरी जानकारी कर लें। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से कोई भी सावधानी पूर्वक लिया गया निर्णय निकट भविष्य में लाभदायक साबित होगा। आपकी धर्मकर्म और आध्यात्मिक कार्यों में भी आस्था बनी रहेगी।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में बेहतर सुधार होगा, जिससे आपके कार्य सुचारू रूप से पूरे होते रहेंगे। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

**मकर राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज ध्यान रखें कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग फायदा उठाने की कोशिश न करें। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर न करें।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज अपने गुस्से पर काबू रखें। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा और आपसी रिश्ते सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कार्यों में सुधार होगा। स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों के साथ तालमेल अच्छा होंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहनसहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर ले।

## हे राम!

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,**



पीके फिल्म का एक दृश्य है। अभिनेता आमिर खान गाजर खरीदने के लिए दुकानदार को गांधी जी के चित्र वाली कई तरह की सामग्री देता है। उस पर दुकानदार कहता है, ÷ई कबाड़ हमरी दुकान पर काठे लारे हो?÷ इस पर अभिनेता गांधी जी की छवि वाला पचास रुपये का नोट देता है। बदले में दुकानदार गाजर देता है। तब अभिनेता कहता है- ÷ई फोटु का वैल्यु सिरफ एक तरह का कागज पर है। बाकी सब कागज पर ई फोटु का वैल्यु जीरो बटा लूल है।÷ पीके फिल्म का यह दृश्य हमारे आज के समाज पर एक जोरदार तमाचा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में गांधी जी की वैल्यु करेंसी तक ही सीमित है या फिर उससे बढ़कर भी है?

महात्मा गांधी करिश्माई फ़कीर बाबा थे। उन्होंने शोषितों, पीडितों, गरीबों, पथभ्रष्टों के दुखों को अपना दुख माना। दूसरों को सीख देने से पहले स्वयं को भाईचारे, धार्मिक सद्भावना, अहिंसा के अनुयायी के रूप में स्थापित किया। कुछ कर गुजरने के लिए बाहुबल या जनबल की नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प की आवश्यकता पड़ती है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने महात्मा गाँधी के बारे में कहा था कि आने वाली पीढ़ियों को यक़ीन ही नहीं होगा कि हाड़-माँस का ये व्यक्ति कभी पृथ्वी पर चला भी होगा। यही कारण है कि महात्मा गांधी को जिसने चाहा, जैसे चाहा, अपने हिसाब अपने किताब से उनका भरपूर उपयोग किया। महात्मा गांधी ने जीकर जितना नहीं कमाया उतना तो उनके मरने के बाद मुन्नाभाई एमबीबीएस तो कभी लगे रहो मुन्नाभाई बनकर गांधीगिरी के नाम पर कमा गए। यह गांधीगिरी पुस्तकों तक ही सीमित रह गयी है। कार्यालयों में उनके फोटो के पीछे या तो छिपकलियाँ और आगे अधिकारी बड़े धड़ल्ले से घूस लेते नजर आते हैं। 30 जनवरी को महात्मा गांधी केवल एक बार मरे थे। अब भी देश में कई नाथूराम गोड़से हैं जो हर दिन हर पल उन्हें मारने से नहीं चूकते।

आजकल देश का जो हाल हो रहा है उसे देख कर नहीं लगता कि कभी इस देश में गांधी जी जैसे महापुरुष भी हुए होंगे जिन्होंने देश में राम-राज का सपना देखा था। गांधी जी देश के राष्ट्र पिता माने जाते हैं लेकिन यह सच है कि जिस गांधी जी को नोट पर बने हुए हम देखते हैं और जिसे हम अपने घर की दीवारों पर टांगते या लटकाते हैं दोनों के मतलब अलग-अलग है। तस्वीर के सामने और तस्वीर के पीछे सबके अपने-अपने गांधी जी अपने-अपने हिसाब से होते हैं। जहाँ गांधीवादी सिद्धांत किताबों में धरे के धरे रह जाएँ और किताबें मुखचित्र देखकर बिकने लगे, वैसे देश का एक गांधी जी तो क्या असंख्य गांधी जी भी उतर आएँ तो कुछ नहीं कर सकते।

## सर्दियों में होंठ खो देते हैं अपनी नमी

जनवरी खत्म होने को है, लेकिन सर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सर्दियों में कई लोगों के होंठ फट जाते हैं।ठंड और सर्द हवा हमारे नाजुक होंठों की त्वचा पर कहर बरपा सकती है। इसके कारण होंठ फटने लगते हैं और अक्सर इनमें बेहद दर्द भी होता है।यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके होंठ ठंड के महीनों में भी मुलायम बने रहें, आइए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं। सर्दी के मौसम में होंठ कई कारणों से फटते हैं। इन कारणों में ठंडा तापमान और पर्यावरण में कम नमी शामिल हैं।साथ ही होंठ फटने पर अक्सर लोग उन्हें चाटते हैं, ऐसा करने से उन्हें लगता है कि वे होंठों को नम बना रहे हैं, लेकिन इसका विपरीत असर पड़ता है।ये सभी कारण त्वचा से प्राकृतिक तेल छीन लेते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन होता है और होंठ फट जाते हैं। होंठ पानी की कमी के कारण फंटते हैं, इसलिए अपने होंठों सहित अपने पूरे शरीर को अच्छी तरह से नमीयुक्त रखने के लिए सबसे अनिवार्य है पानी पीना।सर्दियों के दौरान पानी के सेवन को नजरअंदाज करना आसान होता है, लेकिन हाइड्रेटेड रहने से सूखेपन से लड़ने में मदद मिलती है।इसके लिए जरूरी है कि आप दिन भर में करीब 8 गिलास पानी पीएं।आप ऐसे फलों का सेवन करें, जो शरीर को हाइड्रेट करें।

**न्याय यात्रा**

**तनवीर जाफ़री**

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे...



कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 ज़िलों से होकर गुज़रना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में ख़त्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 ज़िलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुज़रेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए ( मुंबई ) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का रीढ़ विहीन मीडिया राहुल गाँधी की सफल भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में राम राज आ चुका है।

भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। भारत जोड़ो यात्रा पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफ़र में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुज़रते वक़्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरुआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गाँधी की यात्रा रोकने,बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा ज़ोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है ? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नज़र आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफ़ूज़ रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी नायक बने दिखाई देते हैं।



शायद तभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर ज़िले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और ऋस्स देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। जबकि भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के ख़िलाफ़ लड़ना भी है। इसी तरह राहुल ने यात्रा के अगले दिन 19 जनवरी को असम के लखीमपुर ज़िले के गोगामुख में एक जनसभा में कहा कि -भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली से हिंदुस्तान पर शासन करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस स्थानीय शासन का समर्थन करती है। एक ओर तो असम से गुज़रते वक़्त राहुल अपनी सभाओं व वार्ताओं में संघ व भाजपा पर तथा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आक्रामक थे तो दूसरी तरफ़ उन्हें भारी जनसमर्थन व जन उत्साह देखने को मिल रहा था। शायद यही बात भाजपा व बिस्वा सरमा से सहन नहीं हो सकी और संभवतः इसी वजह से राजनैतिक विरोध व्यक्तिगत विरोध के स्तर तक आ गया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 19 जनवरी को यह यह कह दिया था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को न तो सुरक्षा दी जाएगी, न ही यह यात्रा शहर से होकर गुज़रने दी जायेगी। इसी के अगले दिन यानी 20 जनवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क़ाफ़िले पर हमला किया गया। भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे लेकर राहुल की बस के सामने आ गए। राहुल भी बस से बाहर निकल पड़े। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस के अनुसार- के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी। उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये। इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोर्दोवा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाज़त नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का क़ाफ़िला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया। यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए। इस विषय पर जब असम ष्टरूहेमंत बिस्वा सरमा से सवाल किया गया तो उत्तर था कि - आज रावण के बारे में तो बात मत कीजिए?

इसी तरह राहुल गांधी को असम के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने के लिये प्रवेश नहीं करने दिया गया।आख़िरकार 23 जनवरी को यात्रा के 10वें दिन राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय के छात्रों से असम-मेघालय सीमा पर सड़क पर बातचीत की और कहा- कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंची तो असम पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रोक दिया। यहां कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस की भिड़ंत व धक्का मुक्की हुई। भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ डाली। इसके बाद राहुल गांधी सहित अन्य कई नेताओं के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ़्तार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दंगा भड़काने की कोशिश की गयी थी और कांग्रेस ने असम में एक बड़ा सांप्रदायिक टकराव भड़काने की साज़िश रची थी। सवाल यह है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज़ दबाने का आख़िर यह कौन सा तरीक़ा है ? क्या राजनैतिक विरोध अब निजी शत्रुता जैसा रूप ले चुका है ? वैसे दलबदल व अवसरवादिता की राजनीति के इस दौर में ख़ासकर थाली के बैंगन राजनीतिज्ञों के लिये डॉ बशीर बद्र का यह शेर बहुत ही प्रासंगिक लगता है -

**दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे।**

**जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों।।**

# पुलिस हिरासत के 6 घंटे में ही पेड़का निवासी मंडावी की मौत

## मामले की गंभीरता को देख शव का पोस्टमार्टम और मामले की दण्डाधिकारी जांच के आदेश

मंगल कुंजाम

**किरंदुल 29 जनवरी।** दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना ग्राम पंचायत तनेली के आश्रित ग्राम पेड़का निवासी पोदिया मंडावी की पुलिस हिरासत के 6 घंटे में ही मृत्य हो गई है,सुबह 9 बजे दंतेवाड़ा एसपी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पोदिया माड़वी पिता नंदा माड़वी उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम पेड़का, पुलिस स्टेशन अरनपुर, जिला दंतेवाड़ा जो थाना अरनपुर के अपराध क्रमांक 05/2023 (अरनपुर आईईडी ब्लास्ट) में आरोपी है।

27 जनवरी को, लगभग 5 बजे पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। उसी दौरान पोदिया माड़वी की तबियत खराब होने से उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कर दिया गया। डॉक्टर द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा देर रात लगभग 12:30 बजे उसकी मृत्यु होना घोषित कर दिया गया। मामले में मर्ग कायम किया जाकर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

इधर सरपंच पति महादेव ने पुलिस पर आरोप लगते हुए कहता है की 27जनवरी को सुबह कुछ पुलिस वाले पेड़का गए थे अरनपुर थाने से गांव में पोदिया कहा है पूछने पर गांव के एक वेक्ति ने पुलिस वालो को बताया पोदिया मुर्गा बाजार जा रहा है, बोलने पर उसको भी साथ लेकर गाए समेली में मुर्गा बाजार के कुछ दूरी पहुंचे ही थे पेड़का निवासी गंगाराम कवासी और पोदिया साइकल में जा रहे थे, साइकल रोकने को कहा और तुम दोनो में पोदीया कौन है कहने पर पोदियां नाम सुनते ही उन्हें पुलिस ने अपने मोटरसाइकल में बैठाया और लेकर गए कुछ बोले भी नही और साथ में जो ग्रामीण को लेकर गए थे उन्हें भी वही छोड़



दिए फिर आगे महादेव महादेव बताते है की पोदिया को कई बार पुलिस ने भुला भी लिया था और दंतेवाड़ा छ्त्रन्न ऑफिस में भी ब्लास्ट के मामले में पूछताछ किया गया था अगर आरोपी था तो उसी समय गिरफ्तार करते उसी ब्लास्ट मामले में पोदिया के तीन भाई अभी भी जेल में है अभी परिवार में कोई नही है पोदिया के 4 छोटे छोटे बच्चे है उनकी मां और जेल उसका बड़ा भाई के परिवार को भी पोदिया ही देख रहा था पुलिस जानबूझकर पोदिया की हत्या की है और दोषी पुलिस कर्मियों को सजा देने की मांग करते है और उनके तीनो भाई को जेल से रिहा करने की मांग करते है ! पोदिया साथ मुर्गा बाजार जा रहे गंगाराम कवासी ने बताया की गांव से मैं पांच सौ रुपए और एक मुर्गा ,पोदिया सात सौ रुपए और एक मुर्गा लेकर हम दोनो समेली मुर्गा बाजार साइकल में सवार होकर जा रहे थे मुर्गा बाजार पहुंचने ही वाले थे कुछ दूरी पर ही कुछ पुलिस वाले आए और हमे साइकल रोकने को कहा और जैसे ही साइकल रोखा तुम दोनो में पोदिया कौन है कहने पर पोदिया नाम सुनते ही कुछ बोले बिना ही उठा ले गए फिर मैं एक साथी को पकड़कर अरनपुर थाने उनके पीछे पीछे तुरंत गया और वहा जाने के बाद पूछा की पोदिया को यहां लाए है हम मिलना चाहते है बोलने पर बैरग ड्यूटी में रहने वाले ने हमे दमकाया और अंदर जाने से मना किया जायदा यहां रहोगे तो साहब तुम्हे भी मरेगा कल सुबह आधार कार्ड लेकर आओ बोलने पर गांव चले गए और उनके परिवार वालों को जानकारी दिए पोदिया को पुलिस उठाकर ले गई है कल सुबह आधार कार्ड लेकर जाना है सुबह हम पहुंचे ही नही की कुछ पुलिसी वाले गांव आए और पोदिया खत्म हुआ है डेडबोर्डी लेने जाओ करके उनके पूरे परिवार को उठा ले गए दंतेवाड़ा !

सरपंच के नेतृव में पूरे गांव के लोग अरनपुर थाना पहुंचे और पोदिया स्वस्थ आदिमी था और हमारे यह काम दम कर मृत्य स्तम्भ का बड़ा पत्थर भी डोकर लाया और फिर मुर्गा बाजार जा रहा था कैसे तुरंत बीमार पड़ा आप लोग लाने पर, हम सब एफआईआर करना चाहते है आप हमारा एफआईआर दर्ज कराई कहने पर थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के द्वारा मना कर दिया गया और पोदिया को थाना लेकर आए भी नही है और स्त्रहृद्द के जवान दंतेवाड़ा लेकर गाए जो भी शिकायत दर्ज करना है आला अधिकारियों के माध्यम से होगा बोलने पर सीधे गांव वाले उन पर आरोप लगाते हुए कहा की आप खुद पोदिया को उठा लाए है और आपके द्वारा ही पादिया की हत्या करने का सभी गांव वाले और सरपंच का आरोप थाना प्रभारी अरनपुर पर लगा रहे है! मामले की गंभीरता को देख शव का पोस्ट - मार्टम और मामले की मजिस्टेरियल जाँच का आदेश हुवा । पोस्टमार्टम रूम में परिजन और गाँव के जनप्रतिनिधि भी थे । पोस्टमार्टम रूम से निकल कर तनेली गाँव के सरपंच ने बताया कि शव के दाहिने साइड सीने में गहरा ताज़ा चोट का निशान है , निशान ऐसा है कि जैसे मृतक के शरीर में किसी धारदार हथियार से प्रहार किया गया हो । एवं मृतक के पीठ में भी चोट के निशान है । अब परिजन एवं ग्रामीण और दृढ़ता के कहने लगे कि पुलिस के पिटाई के कारण ही यह मौत हुई है । इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता बेला भाटिया ने मीडिया को जानकारी दी की पोस्टमार्टम के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद पोदिया की डेड बॉडी अपनी आंखों से न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने देखी है परिजनों का कहना है कि पोदिया के सीने पर और पीठ पर चोट के निसान पाएं गया है जिसके कारण उसकी मौत हुई है अधिवक्ता बेला भाटिया अपने कथन में यह भी बताया कि थाना मनीष मिश्रा और जैन के द्वारा गांव वालों की एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई और उन्हें वापस लौटा दिया गया

वही दूसरे तरफ पुलिस के अधिकारी दबे स्वर में कह रहे थे कि मृतक को टीवी की बीमारी थी और उसने शराब का सेवन किया हुवा था इस कारण बीमारी से उसकी मौत हुई होगी । जिसका जवाब देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पोदिया को 2022 में टीवी की बीमारी हुई थी और उसने ज़िला हॉस्पिटल से अपनी दवाई की कोर्स को कम्प्लीट कर चुका था , वह स्वस्थ था और गाव में मेहनत का काम किया करता था । पुलिस मामले को दबाने के लिए टीवी बीमारी का बहाना बना रही है । हालांकि दोनों पक्षों के दावो के बीच अभी पोस्टमार्टम और मजिस्ट्रियल जाँच रिपोर्ट आना बाकी है ।

---

## एक नजर

### दिव्यांग छात्र-छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**सुकमा, 29 जनवरी।** जिला सुकमा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कलेक्टर श्री हरिस. एस के कुशल मार्ग निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन डडसेना व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री एस एस चौहान के नेतृत्व में जिला सुकमा के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उड़ीसा प्रदेश के चित्र गोंडाडेम, इको पार्क और मलकानगिरी डेम भ्रमण करवाया गया। भ्रमण हेतु शनिवार को एजुकेशन हब से श्री धनीराम बारसे के द्वारा हरी झंडी दिखाकर। दिव्यांग छात्र-छात्रा को मिठाई खिला कर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और शिक्षा स्पेशल एजुकेटर एवम अन्य उपस्थित थे। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में जिले के 50 दिव्यांग छात्र -छात्रा वा सहायक परियोजना समन्वयक समावेशी शिक्षा बीआरपी समावेशी शिक्षा स्पेशल एजुकेटर एवं आकार आवासीय संस्था के विशेष शिक्षक उक्त कार्यक्रम में विशेष सहयोग वा सहभागिता प्रदान किया गया।

### विशेषज्ञों ने किया मिर्च की फसल पर थ्रीप्स प्रकोप का निदान



**सुकमा 29 जनवरी।** मिर्च के पौधों में बढ़वार की अवस्था शुरू हो गई है। वहीं खराब मौसम और थ्रीप्स के प्रकोप से मिर्च के पौधों में लीफ करर्ल रोग के लक्षण दिखने लगे हैं। ग्राम पुजारीपाल के कृषकों ने मैदानी भ्रमण में पहुंचे कृषि विज्ञान के पौध रोग विज्ञान विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार को मिर्च के पौधे में लगे इस प्रकोप से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने बताया कि कीट के शिशु व व्यस्क दोनों पत्तियों का रस चूसकर पौधों को हानि पहुंचाते हैं। इसके प्रकोप से पत्तियां नांव की तरह ऊपर की ओर मुड़ कर सुख जाती है। जिसके परिणामस्वरूप पौधे के कोमल तने, कलियां और फल मुड़ जाते हैं। किसानों की समस्या का निदान करते हुए विशेषज्ञों ने पौधों को प्रकोप से बचाने के लिए आवश्यक दवाई का सही मात्रा में छिड़काव करने कहा। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर किसान मित्र श्री लच्छु भोयर सहित कृषकगण उपस्थित थे।

### दिनेश मिश्र की सभा ग्राम भदौरा बिलासपुर में

**रायपुर 29 जनवरी।** जादू टोने के संदेह में टोनही प्रताड़ना,अंधविश्वास एवम सामाजिक



कुरीतियां के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र की सभा 28 जनवरी को ग्राम भदौरा, मस्तूरी में आयोजित की जा रही है जिसमें ग्रामीणों को अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियां,कोई नारी टोनही नहीं अभियान के अंतर्गत जानकारी दी जावेगी.तथा वैज्ञानिक प्रदर्शन किया जावेगा. पिछले सप्ताह सप्ताह ग्राम भदौरा में एक महिला की हत्या टोनही के संदेह में कर दी गई थी वहां उक्त महिला के परिजनों परिजनो से मुलाकात चर्चा, जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

### अब एनजीडीआरएस प्रणाली से होगी जमीन की रजिस्ट्री

**जगदलपुर 29 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार उप पंजीयक कार्यालय जगदलपुर में केंद्र सरकार के एनजीडीआरएस प्रणाली यानी नेशनल जेनरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन प्रणाली से जमीन रजिस्ट्री की शुरुआत हो गई है। अब तक निजी एजेंसी के सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री हो रही थी। लेकिन उक्त प्रणाली से रजिस्ट्री की व्यवस्था बदल गई है। नए सिस्टम के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में एनजीडीआरएस प्रणाली से रजिस्ट्री करने का निर्णय लिया गया है।

---

## समाचार संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने कुमार लक्ष्मीनारायण देव को दी श्रद्धांजलि



**सुकमा,29 जनवरी।** केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव के पिता स्वर्गीय कुमार लक्ष्मी नारायण देव के सुकमा स्थित निवास पहुंचकर स्वर्गीय श्री देव को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। स्वर्गीय श्री देव को श्रद्धांजलि देने सांसद श्री गुहाराम अजगल्ले, सांसद श्री मोहन मंडावी, विधायक श्री पुरेंदर मिश्रा, श्री राम प्रताप सिंह, श्री निर्मल सिन्हा भी सुकमा पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की और परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर विधायक श्री किरण देव और उनके परिजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कुमार लक्ष्मी नारायण देव को दी श्रद्धांजलि



**सुकमा, 29 जनवरी।** सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक सहित जनप्रतिनिधियों ने आज सुकमा पहुंचकर स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव को विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रगट की। स्वर्गीय श्री देव को श्रद्धांजलि देने विधायक श्री नारायण चंदेल, विधायक श्री लखेश्वर बघेल, विधायक श्री प्रमोद मिंज, श्री प्रकाश बजाज, श्री अभय, श्री रोहित साहू,जगदलपुर नगर निगम की सभापति कविता साहू एवं श्री सुशील मौर्य, श्री नीलम कश्यप, श्री राजेश कुमार भी सुकमा पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की और परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव जगदलपुर के विधायक श्री किरण देव के पिता हैं। विगत कुछ दिनों पूर्व उनका निधन हो गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विधायक श्री किरण देव और उनके परिजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### सीजीआईएजीई का पहला वार्षिक राज्य सम्मेलन संपन्न

**रायपुर 29 जनवरी ।** 27-28 जनवरी को आयोजित हिस्टेरोस्कोपी में प्रगति पर बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन ने देश और विदेश के प्रसिद्ध एंडोस्कोपिस्ट विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को सफलतापूर्वक एक साथ लाया है। यह सम्मेलन, सीजी आईएजीई के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मनोज चेलानी द्वारा शुरू किया गया एक सहयोगात्मक प्रयास है, जो हिस्टेरोस्कोपी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होने का वादा करता है। सम्मेलन के उद्घाटन दिवस पर प्रतिष्ठित पेशेवरों का जमावड़ा हुआ, जिनमें संरक्षक के रूप में कार्यरत डॉ. आभा सिंह और डॉ. देवेन्द्र नायक और आईएजीई के अध्यक्ष डॉ. पंडित पलस्कर शामिल थे। चिकित्सा क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्ती डॉ. हफ़ीज़ रहमान ने भी अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशेषज्ञ एंडोस्कोपी के क्षेत्र में अध्ययन और अभ्यास के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र




हिस्टेरोस्कोपी की प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए विचारोत्तेजक चर्चा और विचार-विमर्श में लगे हुए हैं। सीजी आईएजीई के दूरदर्शी संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मनोज चेलानी ने देश और विदेश के प्रतिनिधियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया और भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सहयोग को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने और चिकित्सा प्रगति में सबसे आगे रहने में ऐसे सम्मेलनों के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन का पहला दिन हिस्टेरोस्कोपी में नवीनतम विकास पर व्यापक चर्चा पर केंद्रित था। डॉ. आभा सिंह, डॉ. देवेन्द्र नायक, डॉ. पंडित पलस्कर और डॉ. हफ़ीज़ रहमान जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने विचार-विमर्श को बहुत महत्वपूर्ण बना दिया। उनकी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता ने निस्संदेह आयोजन की समग्र सफलता में योगदान दिया है। डॉ. चेलानी ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हिस्ट्रोस्कोपी में प्रगति पर राज्य स्तरीय सम्मेलन विशेषज्ञों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने, अनुभव साझा करने और हमारे क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

---

# लोस चुनाव को लेकर संगठन व महामंत्री ने बस्तर संभाग के जनप्रतिनिधि-पदाधिकारियों से की चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागाँव 29 जनवरी।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मन्त्री अजय जामवल व संगठन महामंत्री पवन साय, व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने लोक सभा चुनाव के मद्देनजर बस्तर संभाग के सातो जिलो के भाजपा पदाधिकारीयो की आज कोंडागाँव जिला मुख्यालय में स्थित ऑक्शन हाल में बैठक कर लोक सभा चुमाव के लिए सभी पदाधिकारी यो के साथ राय सुमारी की और कहा कि आगामी दिनों में लोक सभा चुनाव होना है इसके लिए सभी पदाधिकारी अभी से जुट जाएं, साथ उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की सरकार अनेक जनकल्याण कारी योजनाये संचालित की है उन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का लक्ष्य होना चाहिए इसी तरह केंद्र सरकार ने देश आम जनता के लिए पिछले 9 सालों में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किया है ।भाजप के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाना है ।वंही भाजपा राष्ट्रीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाना है तभी डबल इंजन की सरकार होगी केन्द्र की भाजपा सरकार ने आज देश को विश्व के विकशित देशों के कतार में खड़ा किया है ।देश आज चहुमुखी विकास पर है भाजपा का लक्ष्य आम लोंगो की सेवा करना है।इस दौरान रास्ट्रीय पदाधिकारीयो ने उपस्थित भाजपा पददाधिकारीयो चुनाव तैयारी के टिप्स भी दिए और कहा कार्य योजना बना कर कार्य पर जुटने का आवाहन किया ।इस दौरान कलस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, वन मंत्री केदार कश्यप,लोक सभा प्रभारी महेश जैन, श्रीवास मद्दी, सहित सातों जिला के जिलाध्यक्ष, विधानसभा सभा प्रभारियों, सयोजयको, प्रदेश पददाधिकारी व भाजप के सभी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद थे।




---

# भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपाइयों को ही मुँह की खानी पड़ी : राजू साहू



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 29 जनवरी।** दोरनापाल नगरपंचायत में शुक्रवार को भाजपा द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपाइयों को मुँह की खानी पड़ी, अविश्वास प्रस्ताव के लिए 10 वोट की ज़रूरत थी लेकिन भाजपा को सिर्फ़ 8 वोट मिले और कांग्रेस ने इस अविश्वास प्रस्ताव में जीत हासिल की। बबिता मंडावी अध्यक्ष पद पर बनी रहेगी। राजू साहू ने बताया कि कवासी लखमा जी के मंत्री रहते हुए दोरनापाल नगरपंचायत में विकास के कई आयाम रचे गए,जो कार्य अधूरे थे उन्हें पूरा करने का काम कवासी लखमा जी ने किया है,जनता के विश्वास पर कांग्रेस पार्टी खरी उतरी है,दोरनापाल नगरपंचायत में चुनाव को अभी 1 साल बचे हुए हैं और जो काम अधूरे रह गए गए हैं उन्हें भी कांग्रेस पार्टी पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाने के बाद अविश्वास प्रस्ताव जैसे हथकंडे अपना रहे हैं ताकि जहां भी कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ खड़ी है वहाँ वो अपना अधिपत्य स्थापित कर सके लेकिन जनता के प्यार और विश्वास के सामने भाजपा का कोई भी षड्यंत्र काम नहीं आया और अविश्वास प्रस्ताव लाकर भी उन्हें उल्टी मुँह की खानी पड़ी। यह कांग्रेस पार्टी और कवासी लखमा जी के विकास कार्यों का फल है कि जनता जनार्दन ने अपना अटूट विश्वास बना कर रखा है जिसे भाजपा किसी भी तरीक़े से तोड़ नहीं सकती फिर चाहे वो कोई भी कूटनीति अपना ले।

---

## मंच पर बार-बार हिलोरें मारता रहा देशभक्ति का जज्बा

# एक शाम शहीदों के नाम संध्या में इंद्रधनुषी छटा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 29 जनवरी।** कोंटा शुक्रवार की देर शाम कोंटा में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रम में हुई एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या शबरी महिला शक्ति विकास संस्था कोंटा द्वारा हाई स्कूल फुटबाल ग्राउंड मैदान पर आयोजित इस इंद्रधनुषी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षाविद राजशेखर राय, एम. सत्यनारायण, खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव, वरिष्ठ भाजपा नेता उदय प्रकाश सिंह लाला मामा, वेंकटरमना रेड्डी, राजगारू बाबू, एनएसयूआई नेता नमीर अली एवं कोंटा के सभी पत्रकारों व शबरी महिला शक्ति विकास संस्था की अध्यक्षा अन्नू घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक एम. सत्यनारायण ने नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र ङ्क छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों की विशेष अभिरुचि सराहनीय है। उन्होंने कहा




कि गणतंत्र दिवस हम सभी के मन में देशप्रेम की भावना को और प्रबल करता है। छात्रों को अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर दृढ़ता पूर्वक अग्रसर होने की शुभकामनाएं दीं। शबरी महिला शक्ति विकास संस्था की सदस्याओं को इस आयोजन के लिए बधाई दी। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों के मन को खूब लुभाया। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ज्योति कार्मेंट, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम, एकलव्य विद्यालय, कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम, आईटीआई कोंटा, भेज्जी आश्रम, दरभागुड़ा आश्रम एवं अन्य स्कूलों के टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल को प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं डीएवी पब्लिक स्कूल को द्वितीय पुरस्कार एवं ज्योति कार्मेंट एवं दरभागुड़ा आश्रम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागी लिए टीमों को विशेष पुरस्कार दिया गया।

### मंच पर छलका हसदेव का दर्द

उल्लेखनीय है कि इस पूरे कार्यक्रम में सबसे अनोखी प्रस्तुति कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोंटा की रही। इस टीम ने हसदेव के जंगल को बचाने के उद्देश्य से डांस के माध्यम से वैश्विक एकजुटता दिखाने की कोशिश करते हुए पेड़ बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शबरी महिला शक्ति विकास संस्था की अध्यक्ष अन्नू घोष, सत्यावती नाग, पी विजया लक्ष्मी, दिव्या रानी, बी. विजया, ममता ठाकुर, उषा ठाकुर, प्रतिभा, प्रमिला, विमला ध्रुव, रुकसाना खातून, यंग टीम के आसिफ खान और उनकी टीम मौजूद रहीं।

---

# सुकमा मुख्यालय में छात्रावास दिवस धूमधाम से मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 29 जनवरी।** 27 जनवरी को सुकमा मुख्यालय मे जिला का प्रमुख पोस्ट मैट्रिक कॉलेज छात्रावास सुकमा मे छात्रावास एकता व सदभावना दिवस हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर समारोह के मुख्य अतिथि- माननीय श्री मनमोहन बृज (भूतपूर्व छात्र व वरिष्ठ शिक्षक), विशेष अतिथि- बिच्चेम पोंदी अधिवक्ता भूतपूर्व छात्र,पोडियाम भीमा अधिवक्ता भूतपूर्व छात्र, श्यामू नाग भूतपूर्व छात्र, बी आर बघेल, मोहन बघेल, रामा सोड़ी भूतपूर्व छात्र, राजेन्द्र मड़कम अधिवक्ता, महेश कुंजाम (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्टीय उपाध्यक्ष) के उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। बस्तर मे छात्रावास दिवस सन 27 जनवरी 1967 से प्रारंभ हुआ , इसी उपलक्ष्य मे पुरे संभाग के सभी छात्रावास आश्रमो मे 27 जनवरी को मनाया जाता है, इसका महत्वपूर्ण इतिहास यह है कि बस्तर संभाग उस समय एक ही जिला हुआ करता था जो वर्तमान मे 7 जिलो मे विभाजित है । सन 1967-68 मे एकमात्र कालेज धरमपुरा जगदलपुर मे हुआ करता था, उस समय आदिवासी , हरिजन छात्रों के लिए छात्रावास बनकर तैयार हुआ था, गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिथि गणमान्यों व्दारा उस छात्रावास भवन को उद्घाटन करना था किसी



कारणवश नही होने से दूरदराज के अध्ययनरत छात्रो ने अपनी पढ़ाई की भविष्य व को देखते हुए 27 जनवरी 1967 को प्रवेश किये तब से निरन्तर मनाया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे छात्र छात्राए प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक कॉलेज छात्रावास सहित जिले के सभी छात्रावासो से प्रतिनिधिमंडल छात्र भी उपस्थित हुए। इस दौरान कॉलेज छात्रावास अधीक्षक श्री लखमा कवासी सहित वेदप्रकाश चन्द्राकर, डेरा मैडम, श्रीमति अग्रवाड़ी मैडम आदि उपस्थित रहे।और भूतपूर्व छात्र कर्मचारीगण श्रीमान शकर नाग, हरदेव मरकाम,जगनाथ नाग,कोरसा आयतू, सोमारू कलमू, हिड़मा सोड़ी, सोमारू नाग आदि व पालक गण बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## एक नजर



### लायंस सुंदरमल ने किया ध्वजारोहण

**खरसिया,29 जनवरी।** भारतीय लोकतंत्र महापर्व 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपने लायंस भवन में ध्वजारोहण क्लब के अध्यक्ष लायन सुन्दरमल चंदवानी द्वारा किया गया। तत्पश्चात गरीब मजदूर और राहगीरों को मिष्ठान, फल, बिस्कुट, नमकीन, पानी आदि का वितरण किया गया।उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन सुंदरमल चंदवानी, सचिव लायन डॉ. हितेश गवेल, कोषाध्यक्ष लायन दुर्गेश ठक्कर, डिस्ट्रिक्ट प्रो लायन अनिल अग्रवाल, लायन शिव अग्रवाल, लायन मदनलाल अग्रवाल, लायन रामनारायण सोनी, लायन अमित अग्रवाल, लायन आकाश अग्रवाल, लायन विनय कबूलपूरिया एवं अन्य लायन मेंबर उपस्थित रहे।

### 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाने का निर्णय



**महासमुंद, 29 जनवरी।** उत्कल गांडा समाज शहर ईकाई की दूसरी बैठक शकंराचार्य भवन में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में बुजुर्ग व युवाओं ने गांड़ा समाज से जुड़कर समाज के संगठन को मजबूती देने आगे आए। बैठक में उत्कल गांड़ा समाज के पंजीयन करवाने व आगामी 1 अप्रैल को उत्कल दिवस को भव्य रूप से मनाने पर चर्चा की गई। उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने उत्कल दिवस को मनाने ऐतिहासीक रूप से मनाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने की बात कहीं।इसके लिए उत्कल गांडा समाज द्वारा वार्ड के उत्कल बस्तियों में जाकर बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद बबलू हरपाल, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, पार्थेबो बाघ, किनारी नायक, मोहतो जगत, दीपक नायक, सुरज नायक, संतु महानंद, सुनील नायक, जगन्नाथ छुरा, दशरथ महानंद, विक्की महानंद, सुदर्शन कुमार, दारासिंग छत्री, राजू कुलदीप, मनोज कुलदीप, दामोदर सोना, परखीत हरपाल, घनश्याम नायक, कन्हैया नायक,तरूण कुमार, रिंकु महानंद, लखन विभार, राहुल कुमार, आशीष सिक्का, अंशुल भारती, डोमार तांडी, संदेश बघेल, कृष्णा तांडी, ललित महानंद, प्रफुल्ल सोनवानी, संतोष बघेल, कस्तुब नायक, दिनेश कांकरीया, पूनम बघेल, शंकर पांडे, विजय प्रधान, प्रकाश तांडी, मोहन कुमार, हलधर महानंद, अजय कुमार, महेश बघेल, चिंता नेताम, अर्जुन बघेल, कृष्णा तांडी, संदेश बघेल आदि उपस्थित रहे।

### देश में नकारात्मक माहौल बना रहे इंडिया गठबंधन को जनता ने नकारा : रमेश

**महासमुंद, 29 जनवरी।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि इंडिया गठबंधन आपस में ही उलझ कर रह गया है। विगत 5 राज्यों के विधानसभा



चुनाव में देश की जनता ने 3 राज्यों में कांग्रेस सहित उनके सहयोगी दलों को नकार दिया है। साहू ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन नकारात्मक सोच पर बना है। इसलिए उसका कोई भविष्य नहीं है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी और उत्तर प्रदेश में बसपा अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव से पूर्व ही पूरी तरह बिखरने लगे हैं। साहू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर कहा कि राहुल गांधी अपने ही सहयोगी दलों के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। राहुल ने पहले दक्षिण से उत्तर में भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जो कई राज्यों से होकर गुजरी। पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव के दौरान तीन राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल गए। अब राहुल गांधी फिर से यात्रा पर निकले हैं। जिन राज्यों में कांग्रेस बची है, आने वाले दिनों में वहां भी नजर नहीं आएगी।

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में रायगढ़ से प्रसारित रेडियो कार्यक्रम का किया जिक्र

**रायगढ़, 29 जनवरी।** मन की बात के 109 वें एपिसोड में आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रायगढ़ का जिक्र किया। उन्होंने रेडियो में प्रसारित हो रहे एक खास कार्यक्रम के संदर्भ में रायगढ़ के बारे



में बात की। दरअसल रेडियो में छत्तीसगढ़ वन विभाग के सौजन्य से 'हमर हाथी हमर गोठ' कार्यक्रम प्रतिदिन शाम को आकाशवाणी के द्वारा प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम रायगढ़ सहित प्रदेश के चार स्टेशंस से ब्रॉडकास्ट होता है।प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कहा कि रेडियो पूरे देश को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में हाथियों पर एक विशेष प्रसारण हमर हाथी हमर गोठ प्रतिदिन शाम को किया जाता है। यह कार्यक्रम रायगढ़ के साथ छत्तीसगढ़ के 4 स्टेशनों से किया जाता है। इसमें हाथियों के झुंड की मौजूदगी और उनके आवाजाही वाले मार्गों के संभावनाओं पर जानकारी दी जाती है। जिससे उन इलाकों के करीब रहने वाले लोग सतर्क हो जाते हैं। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में काफी लोकप्रिय है।

## घटना की सूचना पर पुलिस आरोपी की खोज में जुटी

# जमीन विवाद पर टांगी मारकर युवक की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 29 जनवरी।** जमीन विवाद को लेकर एकताल रोड में दिन-दहाड़े धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना पर पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर आरोपी तक पहुंचने की युगत में लगी है, लेकिन देर शाम तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मूलतः उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला युवक विशाल सिंह ठाकुर पिता शिव प्रसाद सिंह 35 वर्ष विगत कुछ सालों से कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनारपारा में किराये में मकान में रहता था। जो रविवार की दोपहर करीब 12 बजे चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के मेडिकल कालेज के आगे एकताल रोड में एक जमीन पर जेसीबी से समतलीकरण करवाने के लिए गया था। वहीं बताया जा रहा है कि उक्त जमीन को लेकर इससे पहले भी विवाद हुआ था, इसके बाद भी जमीन का समतलीकरण कराने का करवा रहा था। इसी बीच आसपास गांव का एक युवक आया और पीछे से विशाल पर धारदार हथियार से एक के बाद एक ताबड़तोड हमला करते हुए बीच सडक़ में ही मौत के घाट उतार दिया। साथ ही घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। ऐसे में चक्रधरनगर पुलिस को सूचना मिली कि एकताल रोड में बीच सडक़ पर लहुलुहान हालत में एक युवक का शव पड़ा है। जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और उसके बारे में जानकारी एकत्र करने लगे, जिससे पता चला कि मृतक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। ऐसे में पुलिस उसके परिजनों को सूचना दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को परिजनों के आने के बाद उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**जांच में जुटी पुलिस**-इस संबंध में बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर समतलीकरण चल रहा थाए वह जमीन किसी ग्रामीण का थाए जो पहले भी इसके लिए विवाद हुआ था। ऐसे में आज आरोपी अपने माता-पिता के साथ जंगल में लकड़ी काटने गया थाए वहां से जब लकड़ी लेकर आ रहा थाए तो देखा कि जमीन का समतलीकरण हुआ है और युवक वहीं पर है तो उसने आव देखा न ताव और पीछे से जाकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूत्रों की माने तो मांझापारा के कुछ संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। एकताल रोड में धारदार हथियार से एक युवक की हत्या हुई है। जिससे आरोपी को पकडऩे टीम बनाकर जांच किया जा रहा है। बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**प्रशांत राव, टीआई चक्रधरनगर थाना**

**पूर्व में ढाबा संचालन करता था मृतक**

प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक पहले शहर के उर्दना क्षेत्र में ढाबा संचालन करता था रविवार की सुबह विशाल मेडिकल कालेज रोड में स्थित किसी जमीन पर समतलीकरण करवा रहा था। इसी बीच अज्ञात लोगों के द्वारा उसकी हत्या कर दी गई है। मृतक के गले में धारदार हथियार के कई निशान मिले हैं पुलिस के अनुसार जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कोतवाली पुलिस ने ऑल्टो कार से 11 किलो चांदी के गहने जब्त किए

**रायगढ़, 29 जनवरी।** बीती रात कोतवाली पुलिस ने जांच के दौरान एक ऑल्टो कार की जांच किया तो उसमें बिना बिल के 11 किलो चांदी के नए आभूषण पाया गया, जिस पर कार्रवाई किया है। कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे को शनिवार की रात में मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा से एक व्यक्ति कार में बिना बिल के चांदी का आभूषण लेकर आ रहा है। जिससे कोतवाली पुलिस की टीम रात्रि पेट्रोलिंग दौरान पुराना शनि मंदिर ओवर ब्रिज के पास ओडिशा पासिंग ऑल्टो कार ओआर 17 जे 9876 को रोक कर जांच



किया, जिसमें भारी मात्रा में चांदी के नए आभूषण, चांदी का चूड़ा, अंगूठी, पायल, ब्रेसलेट, सिंदूर डिब्बी रखे हुए थे। पुलिस टीम द्वारा वाहन में मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जुगल प्रधान पिता स्व.गणेश प्रधान 44 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 03 हाटपदा थाना व जिला बरगढ़ ओडिशा का होना बताया। साथ ही जब ज्वेलरी का पक्का बिल की मांग किया गया तो उसके पास कोई रसीद भी नहीं था। जिससे पुलिस टीम ने वाहन एवं चांदी के आभूषण समेत थाना लाया गया। जहां जांच किया गया तो पता चला कि संदिग्ध चांदी के आभूषण कुल वजन 11 किलो कीमत करीब 6 लाख रुपए का पाया गया। जिससे पुलिस ने धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर जप्त किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक, भगवती प्रसाद रत्नाकर शामिल थे।

### जिला पंचायत कबीरधाम के आदर्श ग्राम की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

**कवर्धा, 29 जनवरी।** विकसित भारत के साथ आदर्श ग्राम का संदेश देता जिला पंचायत की झांकी को 75 वे गणतंत्र दिवस के परेड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आदर्श ग्राम में स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस गांव तथा गरीबों के लिए पक्का आवास निर्माण सहित मूलभूत सुविधाओं को दर्शाया गया। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने जिला पंचायत परिवार को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि भविष्य में हम निरंतर इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में निर्मित इस झांकी ने ना केवल स्वच्छता का संदेश दिया।

# जुंबा डांस कर दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश



**बीजापुर 29 जनवरी।** बीजापुर जिला में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 मनाया जा रहा है, जिसमें यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।सड़क सुरक्षा जागरूकता माह में पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वैष्णव के दिशा निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात नोडल अधिकारी श्री विनीत साहू के मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम मैदान में आज जुंबा डांस का आयोजन किया गया।जुंबा डांस के माध्यम से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन रखने का संदेश दिया गया।सुरक्षित जन के साथ यातायात जागरूकता मानव श्रृंखला बनाकर यातायात पुलिस बीजापुर की अपील है कि सुरक्षित यातायात के लिए यातायात नियमों का पालन करें ।जुंबा डांस में शामिल एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी श्री विनीत साहू, खाद्य अधिकारी श्री गणेश,ट्रैफिक पुलिस श्री अवध सिन्हा,जनप्रतिनिधि ,पुलिस विभाग एवं सीएएफ के जवान, स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र-छात्राएं, स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं आमजन भारी संख्या में शामिल होकर जुंबा डांस का लुफ्त उठाया। मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में डीएसपी विनीत साहू ने कहा कि आप यातायात नियमों का पालन करेंगे तो किसी भी जाँच से डरने और जुर्माना देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पुलिस और प्रशासन आम नागरिको के लिए हैं। यातायात नियमों को तोड़ेंगे तो कार्यवाही होगी,जुर्माना देना पड़ेगा,इसलिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करिए और नियमों का पालन करिए। दुपहिया चलाते हुए हेलमेट अवश्य लगाए। कार्यक्रम में एसडीएम पवन कुमार प्रेमी ने कहा कि सुरक्षा हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। इसके लिए खुद भी जागरूक होकर अपनी सुरक्षा के खातिर हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए। स्कूल ने कम उम्र के बच्चों को सड़क पर वाहन नहीं चलाने, यातायात सिग्नलों, संकेतकों का पालन करने की अपील भी की।

उन्होंने यातायात जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को लाभ होने और ज़मीनी स्तर पर दिखने की बात भी कही। ट्रैफिक पुलिस श्री अवध सिन्हा ने कहा कि सड़क पर एक छोटी सी लापरवाही हमारी जान ले लेती है। कुछ लोग जुर्माना के डर से हेलमेट पहनने लगते हैं, जबकि लोगों में यह सोच व जागरूकता होनी चाहिए कि हेलमेट व सुरक्षा हमारी जिंदगी से जुड़ी है। हम यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि ज्यादातर दुर्घटनाएं बाइक से होती है और हेलमेट नहीं पहनने की वजह से मौत हो जाती है। हेलमेट पहनकर चलने से हमारी सुरक्षा मजबूत हो जाती है। उन्होंने अपने परिवार का ध्यान रखने और सड़क पर सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की।

# जब रामलाल बरेठ चार साल के थे तब महाराजा चक्रधर सिंह ने पहचान ली थी उनकी प्रतिभा

**रायगढ़, 29 जनवरी।** प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चयनित रायगढ़ घराने के कत्थक नर्तक श्री रामलाल बरेठ जब केवल 4 साल के थे तभी महाराजा चक्रधर सिंह ने उनमें छिपी नृत्य की प्रतिभा पहचान ली थी। उन्होंने उनके पिता और इतने ही प्रतिभाशाली कत्थक कलाकार श्री कीर्तनराम से कहा कि इसके कत्थक की प्रशिक्षण की व्यवस्था मैं अपनी देखरेख में करूंगा। उन्होंने देश भर के जाने-माने कलाकारों से श्री बरेठ का प्रशिक्षण कराया।

महाराजा चक्रधर सिंह ने उन पर जो भरोसा दिखाया, उसे श्री बरेठ ने पूरा किया। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से लेकर पद्मश्री तक का सफर तय कर उन्होंने रायगढ़ घराने को नई ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उन्हें आज राज्य अतिथि गृह पहुना में आमंत्रित किया। श्री साय ने कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने रायगढ़ की कला परंपराओं के बारे में काफी कहानियां सुनी हैं और



महाराजा चक्रधर सिंह के बारे में भी काफी कुछ सुना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराजा चक्रधर सिंह के बारे में यह कहा जाता है कि जब वो तबला बजाते थे तो इसमें लीन हो जाते थे और बारिश होने लगती थी। ऐसे महान कलाकार के संरक्षण में आपने कत्थक सीखा है इस पर हम सब गौरव करते हैं। बरेठ अभी 88 साल के हो चुके हैं। उनका आरंभिक जीवन आर्थिक कठिनाइयों से घिरा रहा। रायगढ़ रियासत में महाराजा चक्रधर सिंह के जाने के बाद उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्री बरेठ बताते हैं कि कत्थक नृत्य अकेले का कर्म नहीं है। आपको इसके लिए कुशल संगतकार चाहिए। इसकी व्यवस्था करने और रायगढ़ घराने की प्रतिष्ठा को बनाये रखने मैंने कठिन परिश्रम किया। श्री बरेठ के देश के महान कत्थक कलाकारों के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडित बिरजु महाराज के साथ उनके बहुत स्नेहिल संबंध रहे हैं। पंडित बिरजु महाराज उन्हें बहुत स्नेह पात्र मानते थे। बिरजु महाराज का जन्म भी रायगढ़ में हुआ। अच्छन महाराज जैसे प्रतिभाशाली लोगों से सीखने का अवसर मिला और कत्थक की शानदार यात्रा रायगढ़ घराने के प्रोत्साहन से शुरू हुई। श्री बरेठ बताते हैं कि पहले फिल्मों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य का बड़ा मान होता था। फिल्मों के लिए भी काम करने वाले अमीर खां साहब का बहुत निकट संबंध रायगढ़ घराने से रहा। अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित के पिता भी रायगढ़ घराने से संबद्ध रहे। अच्छी बात यह है कि श्री बरेठ अगली पीढ़ी को भी कत्थक के लिए दीक्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके दादा जी, पिता जी कत्थक से जुड़े रहे और अब बेटे भी कत्थक से जुड़े हैं। श्री बरेठ ने कहा कि मोदी जी ने पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना है। इसकी मुझे बहुत गहरी खुशी है।

## ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का गाजे बाजे के साथ किया स्वागत



**बीजापुर,29जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी रविवार को एकदिवसीय मद्देद क्षेत्र के दौरे पर थे इस दौरान वे लोदेड, कोत्तापल्ली, पामगल, कोमटपल्ली, मिनकापल्ली, मुत्तापुर, वंगापल्ली, भट्टीगुडा, उस्कालेड, इंचोंडा और कोंगुपल्ली आदि गावों में पहुँचकर ग्रामीणों से भेंट मुलाक़ात किया और उनकी समस्याओं को सुना व समस्याओं के जल्द निराकरण करने का भरोसा विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों को दिलाया है। विधान सभा चुनाव में विक्रम मंडावी के दुबारा चुनाव जीतने के मद्देद क्षेत्र में यह उनका पहला दौरा था, विधायक विक्रम मंडावी को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित थे और ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का स्वागत गाजे बाजे और फूल मालाएँ पहनाकर किया है। विदित हो कि विधायक विक्रम मंडावी ने लगातार दूसरी बार बीजापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए है दोनों ही बार उन्होंने पूर्व विधायक महेश गागड़ा को हराया है। ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, जनपद उपाध्यक्ष मिच्छा मुतैया, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य सुरेंद्र चापा, मद्देद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तलांडी इस्तारी, वरिष्ठ कांग्रेसी अफ़ज़ल ख़ान और सुनील उद्दे के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण दौरे के दौरान विधायक विक्रम मंडावी के साथ थे।

## जनशिक्षण संस्थान ने किया राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**बीजापुर,29जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** जन शिक्षण संस्थान बीजापुर (कौशल विकास एंव उघमिता मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार 24 से 25 जनवरी , 2024 तक प्रशिक्षण केन्द्रों व स्कूल्स में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका मुख्य थीम बालिका शिक्षा व सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था, जिसका सन्देश, ट्रेनिंग सेण्टर व् स्कूल्स तक पहुंचाया गया। जिसमें सेन्टर की किशोरी बालिकाओं, अध्ययनरत बच्चों तथा महिलाओं ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण तथा प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग रहा ।

## जेजेएस परिसर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**बीजापुर,29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** जे.जे.एस. परिसर बीजापुर मे 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, इस दौरान श्री अभिषेक अवस्थी, निदेशक जन शिक्षण संस्थान



बीजापुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। फिर सभी के द्वारा राष्ट्रीय गीत का गाया गया । इसके पश्चात श्री अभिषेक अवस्थी, (निदेशक) ने अपने सम्बोधन में संस्थान के बारे में संक्षिप्त में जानकारी देते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उघमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उर्त्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है। साथ ही उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को सशक्त करना है जिससें उनका सर्वागीण विकास हो सके और समानतामूलक समाज की स्थापना हो।और इसी क्रम में, सभी कर्मचारी, रिसोर्स पर्सन व प्रशिक्षणार्थी को देश की विकास व नव निर्माण के लिए संकल्प दिलाया व युवाओ को एकजुट होकर अपने लक्ष्यों को आत्मसात कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।इस कार्यक्रम में कार्यालय के सभी कर्मचारीगण तथा प्रशिक्षण केंद्र के ट्रैनर व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे तथा अंत मे उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया ।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम : दूर हो रहा नक्सलियों का खौफ, कभी जवानों को देख भाग जाते थे, अब मदद लेने पहुंच रहे ग्रामीण




**बीजापुर,29जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।**छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों में अब नक्सलियों का खौफ कम हो रहा है। राज्य के बीजापर जिले में यह संकेत मिल रहा है। इस जिला के नक्सलग्रस्त गांव चेरपाल, कुटेर, पडेडा एवं पाटमपारा में बीते दिनों सी.आर.पी.एफ के एफ/222 बटा0 ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किया। इसमें ग्रामीणों को लंबे समय तक आय के लिए 1000 नग देशी चूजे का वितरित किया गया। चूँकि उक्त गांव नक्सलियों का खास इलाका है एवं पहले ग्रामीण सुरक्षा कर्मियों को देख भाग जाते थे, परन्तु नक्सलियों का खौफ कम होने के कारण इसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में मदद लेने पहुंचे। जिससे लगभग 100 जरूरतमंद परिवार लाभान्वित हुए।222 बटालियन के कमांडेंट श्री विनोद कुमार मोहरिल के दिशा- निर्देशानुसार श्री परिक्षित कुमार राहुल (सहा0 कमा0), एफ/222 ने ग्रामीणों से कहा कि हम आपके साथ मिलकर गांवों के विकास में सहयोग करना चाहते है। हम हमेशा आपके विकास के लिए जो भी सहयोग होगा वह करते रहेंगे। समस्याएं हमें पता है। इसलिए इस सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होनें ग्रामीणों को भरोसा दिया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी हो तो सुरक्षा बल उनके साथ सदैव खड़े है। उक्त शिविर में सरपंच पिंकी पुनेम, उप-सरपंच - गोपाल पुजारी, निरीक्षक मनोज कुमार, सउनि. पी. सुनील एवं समवाय के अन्य जवान भी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छेरछेरा पुन्नी पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सतीश अग्रवाल



भाटापारा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसवानी में युवा समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा आयोजित छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल सम्मिलित हुए जिसमें प्रमुख रूप से रामेश्वर वर्मा जनपद कृपाराम ध्रुव मौलीमहासभा प्रवक्ता पीलाराम वर्मा सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा उप सरपंच प्रतिनिधि भोपनारायण वर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी अजीत कुमार यादव अशोक कौशिक बुधराम वर्मा दिनेश वर्मा संजय वर्मा नारायण विश्वकर्मा जगन्नाथ वर्मा केजऊ राम पटेल सुरेंद्र वर्मा मुकेश वर्मा ओंकार वर्मा रवि वर्मा बोधी निषाद लाल वर्मा नरेंद्र वर्मा संतोष सेन खिलेश सेन टीकाराम वर्मा शारदा प्रसाद वर्मा अशोक वर्मा काशी साहू केदार मिश्रा एवं समस्त ग्रामवासी आसपास ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामवासी उपस्थित थे सतीश अग्रवाल ने सभी को छेरछेरा पुन्नी एवं आयोजन समिति के समस्त सदस्यों ग्रामवासियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्राम के नव युवकों में आपसी भाईचारा एवं एकता बना रहता है और समय-समय पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन भी गांवों में होते रहना चाहिए, इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अलग-अलग स्थानों पर 25 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपी बंदी



बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भटापारा दीपक कुमार झा, द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार निधी नाग के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28.01.2024 को अवैध शराब पर कार्यवाही की गई है कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है। अपराध क्रमांक 44/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में घटना स्थल ग्राम गाडाभाटा आरोपी रंजीत कुमार के घर के सामने शराब रेड कार्यवाही की गई जंहा आरोपी अपने घर के सामने 01 सफेद प्लास्टिक के बोरी के भीतर 22 नग प्लास्टिक पाउच सभी मे 01-01 लीटर कुल 22 लीटर कीमती 5200 रुपये, अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखा पाए जाने से जप्त कर आरोपी रंजीत कुमार पिता आशाराम सोनवानी उम्र 36 वर्ष साकिन गाडाभाटा थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटपारा के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। अपराध क्रमांक 45/2024 धारा 34( ) आबकारी एक्ट में घटना स्थल ग्राम गाडाभाटा बिजली ऑफ्सि के सामने में आरोपी राकेश मनहरे पिता श्याम लाल उम्र 45 साल साकिन गाडाभाटा थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 07 नग प्लास्टिक पाउच में करीबन 500-500 रूरूहाथ भट्टी महुआ शराब कुल 3.500 बल्क लीटर कीमती 700 रुपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34( ) आबक6 एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, प्रआर 958 समीर शुक्ला, आरक्षक 605 दिनेश चंद्रवंशी, आर.522 सुरेश वर्मा, की विशेष योगदान रहा।

# क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : टंकराम वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को ग्राम सुहेला में करीब 63 लाख की लागत से बनने वाले तहसील कार्यालय भवन का भूमिपूजन तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सुहेला के तिगड्डा चौक में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि तहसील कार्यालय भवन का आज भूमिपूजन किया गया है जिसका निर्माण तय समय मे पूरा होगा। हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेंगे।उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे सुहेला विकास का केंद्र बनेगा। कई नए शासकीय कार्यालय खुलेंगे। इसके लिए शासकीय जमीनों को बचाकर रखना होगा। अतिक्रमण बिल्कुल भी नही होने देना है। अवैध शराब के बिक्री और परिवहन में सख्ती से कार्यवाही होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए सबको आगे आना होगा ।सुहेला का विकास होगा तो इसके आस -पास के गांवों का भी विकास होगा। इसलिए हम सबको इसके लिए मिलकर प्रयास करना है।

### इनका हुआ लोकार्पण

राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया । इसमें स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण, साहू सामुदायिक रंगमंच का निर्माण, तिगड्डा चौक में व्यवसायिक काम्प्लेक्स, खल्लारी मंदिर परिसर में शेड निर्माण, शासकीय प्राथमिक शाला सुहेला का जीर्णोद्धार कार्य, तिगड्डा चौक में सामुदायिक शौचालय निर्माण, डिजिटल एक्सरे कक्ष निर्माण, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में रंगमंच निर्माण, दुर्गोत्सव मैदान में रंगमंच निर्माण, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला में खाद गोदाम एवं अहाता निर्माण शामिल है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आदिति बघमार, जनपद सदस्य सरोजिनी बघमार, सरपंच सविता संतोष वर्मा, एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद सीईओ श्रो अमित दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**राजस्व मंत्री ने किया सुहेला में तहसील कार्यालय का भूमिपूजन व निर्माण कार्यों का लोकार्पण**



बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने नशाखोरी कर शांति भंग करने वालों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

# 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने नशाखोरी व शांति भंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया है। सभी आरोपी नशे का सेवन कर, करते थे माहौल खराब, सभी के विरुद्ध की गई धारा 151, 107, 116(3) जाफ़ै. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत छापामार कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़ा गया

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के संज्ञान में आमजनों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से बार-बार यह बात आ रही थी कि कुछ युवा वर्ग नशाखोरी कर, राह चलते ग्रामीणों के साथ गाली गलौज, शोर गुल कर शांति भंग कर रहे थे तथा कई मामलों में मारपीट यहां तक की लूट खसोट जैसे अपराध भी कर रहे हैं। यह भी ज्ञात हुआ यह सभी युवा वर्ग के हैं, इनमें से कई नाबालिक अथवा उनकी औसत मूल्य 20 से 25 साल के मध्य ही है। अधिकतर लोग बलौदाबाजार शहर एवं भाटापारा शहर के रहने वाले हैं। नशा, नाश की जड़ होता है। नशे में इंसान अपना होश खो बैठता है। क्या अच्छा है क्या बुरा है इसकी समझ उसे नहीं रहती। नशाखोरी करने वाले कई लोग नशे के



एकदम आदि हो चुके हैं तथा नशे के समान अथवा चीजों को लेने के लिए या नशे में लगातार शांति भंग अथवा अन्य कोई अपराध, घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कई नशेड़ियों द्वारा, नशे में लोगों के साथ गाली गलौज, मारपीट यहां तक भाटापारा शहर में कई मामलों में चाकू बाजी आदि घटनाओं को भी अंजाम दिया जा चुका है। नशाखोरी करने वाले आरोपियों को रोका ना गया तो निश्चित ही भविष्य में यह लोग कई गंभीर घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में नशाखोरी करने वाले युवाओं, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने एवं इन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए छापामार अभियान चलाने की योजना बनाई गई, जिसके लिए बलौदाबाजार शहर में एसडीओपी बलौदाबाजार निधि नाग एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में तथा भाटापारा शहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में छापामार अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर में इनके एक साथ इकट्ठा होकर नशा करने वाले स्थान, छिपने वाले स्थान एवं अन्य जगहों की पहचान कर पुलिस बल के सांथ आकस्मिक दबिश दिया गया। इस बीच बलौदाबाजार पुलिस टीम द्वारा इस प्रकार नशाखोरी कर शांति भंग करने वाले 05 आरोपियों को पकड़ा गया तथा भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 04 आरोपियों को पकड़ा गया है। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस टीम द्वारा धारा 151, 107, 116(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

» गोवर्धन तिवारी पिता गीत शारदा तिवारी उम्र 26 साल निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा

» संजू यादव पिता राजेंद्र यादव उम्र 26 साल निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा

» बाबूलाल यादव पिता राम जी यादव उम्र 27 साल निवासी हथनीपारा भाटापारा

» गोविंद यादव पिता छन्नू यादव उम्र 25 साल निवासी नया गंज वार्ड भाटापारा

» संजय सोनी पिता शिव शंकर सोनी उम्र 28 वर्ष निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार

» कन्हैया पिता मंगलू रजक उम्र 52 वर्ष निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार

» नंद कुमार पिता खोरबहरा यादव उम्र 45 वर्ष निवासी नयापारा रामसागर तालाब बलौदाबाजार

» भुवन पिता धर्मेंद्र कुर्रे उम्र 21 वर्ष निवासी पंचशील नगर बलौदाबाजार

» दुर्गेश उर्फ बरता मानिकपुरी पिता सुरेश मानिकपुरी उम्र 19 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार

# अवैध धान खपाने की कोशिश, 360 बोरी धान सहित एक इंजन और तीन ट्रैक्टर ट्राली जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 29 जनवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खाद्य विभाग के टीम द्वारा जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अतरिक्त एवं अवैध धान खपाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस सिलसिले में आज बृजमोहन पटेल निवासी ग्राम कलमीदादर, ब्रिज कृषि सेवा केंद्र ग्राम मानदीप से 360 बोरी सरना धान को डिग्रीलाल चौहान ग्राम कलमीदादर के पंजीकृत खाते में खपाने के लिए तैयारी की जा रही थी। जिससे मौके पर अवैध रूप से रखे हुए 360 बोरी धान 3 ट्रेक्टर ट्राली, 1 पावर ट्रैक ट्रेक्टर मुंडी को जब्त धान खरीदी केंद्र बिलारी ज के कर्मचारी निरंजन पटेल को सुपुर्द किया गया है। उक्त



कार्रवाई कसडोल खाद्य निरीक्षक रामनारायण साहू के नेतृत्व में की गई है। इसके साथ ही जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि आने वाले बचे हुए खरीदी दिनों में संयुक्त टीम द्वारा सघन निरीक्षण के निर्देश दिए गए है।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 24 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में हेमलाल साहू पिता प्रभुराम, निवासी ग्राम भवानीपुर, तहसील पलारी, काशीराम देवांगन पिता निरंजन, निवासी ग्राम गिधपुरी, तहसील पलारी, शकुन मारकण्डे पत्नि स्व. विष्णु मारकण्डे, निवासी ग्राम भवानीपुर, तहसील पलारी एवं टिकेश्वर पिता छन्नूलाल, निवासी ग्राम वटगन, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के खदान, तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश, आग में जलने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## समाचार संक्षेप

### भैंसबोड़ में त्रिदिवसीय मानसगान स्पर्धा 2 से

भखारा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भैंसबोड़ में शिवा ग्राम उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से त्रिदिवसीय संगीतमय भव्य मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 फ़रवरी तक किया जा रहा है। जिसमे 2 फ़रवरी को प्रथम दिवस निलशंकर मानस परिवार कोपेडीह अभनपुर, लव निमेश मानस परिवार रायपुर, जय मां सरस्वती बालिका मण्डली कोकडी, महाकाव्य मानस परिवार कचना, वसुन्धारा मानस परिवार आमाकोनि बागबाहरा, सरस्वती मानस परिवार कपसदा कुम्हारी, भूमिजा महिला मानस परिवार गुडियारी रायपुर, जय मां खल्लारी मानस मंडली चिरपोटी कोलियारी, पीपर के छड़हा मानस मंडली परसदा बस्तर, 3 फ़रवरी द्वितीय दिवस जय मां दुर्गा मानस परिवार बासिंग गरीयाबंद जगराता ग्रुप, मां रत्नावली बालिका मानस परिवार कुरूभाट डौंडीलोहारा, सुरसंगीता महिला मानस परिवार पोटियाडिह, सोन चिरइया मानस परिवार पीठौरा लामीडीह, श्रीराम नाम के दीप मानस मंडली चिद्दो डोगरगांव, श्रीराम मानस मंडली पापरा बालोद, श्रध्दा के फूल महिला मानस मंडली हाराडुला, श्रीराम मानस परिवार सोनपुरी खैरागड़, तुलसी के फूल पण्डवानी ग्राम मडेली, राम मानस मंडली माहूट मचान्दूर उत्तर बस्तर कांकेर, हरिओम सुर मोहनी मानस परिवार खरहरी खैरागढ़ एवं 4 फ़रवरी तृतीय दिवस श्रीराम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा नगरी, राम के संदेश मानस परिवार डुमरडीह बागबाहरा, महावीर मानस परिवार ठेलका बांधा अभनपुर, पावनधारा छुहिया घटारानी गरीयाबंद, सदा सुहागीन मानस परिवार टूकरीपाली भीखापाली, लोक श्रृंगार मानस परिवार आमाकोनी बलौदाबजार, श्रध्दा महिला मानस परिवार मुड़ीयापार गरीयाबंद, वंदना महिला मानस परिवार आमापारा बालोद, सुरसाधना बालिका मानस मंडली नवापारा राजीम, नारी जागृति महिला मानस मंडली भानपुरी धामतरी, बालक दास मानस परिवार बंरोदा कवर्धा मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी।



### कचना धुरवा कालेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



छुरा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छुरा नगर की शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया प्राचार्य डॉक्टर आरके तलवरे के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण के लिए गया एवं प्रोफ़ेसर सी एच पटेल के दिशा निर्देश द्वारा सबसे पहले धर्मनगर राजिम पावन धारा के बारे में जानकारी प्रदान किया जिसमें कुलेश्वर मंदिर त्रिवेणी संगम पर बना हुआ है जिसमें महानदी, पैरी नदी, सोढ़ुल नदी मिलते हैं राजीव लोचन मंदिर के बारे में बताया तत्पश्चा धमतरी धमतरी में प्रसिद्ध मंदिर विंध्य हांसिनी माता एवं गंगरेल बांध के बारे में बताया आगे कांकेर में शहर के बीचो-बीच दूध नदी निकलती है केशकाल घाटी जो की बारह मोड है जो कि पहाड़ों को खुदाई कर पहुंच मार्ग बनाया है दुर्गम रास्ता है अंधी मोड है, दूसरा दिवस पर मां दंतेश्वरी दंतेवाड़ा में माता का दर्शन भुनेश्वरी मंदिर, गणेश मंदिर, भैरव बाबा, संखनी, डंकनी नदी, उनके इतिहास के बारे में बताया बस्तर का आराध्य देवी मंदिर है दंतेश्वरी मंदिर जो की आस्था का केंद्र है तीरथगढ़ जलप्रपात, चित्रककोट जलप्रपात, विद्यार्थियों द्वारा अवलोकन कर उनके इतिहास के बारे में जानकारी जाना प्रोफ़ेसर डी आर साहू, डॉ विनीत कुमार साहू, डॉ सीपी सिंह, सी पी सिंह, रागिनी ठाकुर, शीतल ध्रुव अतिथि प्राध्यापक हेमा साहू, विरेंद्र नाग, ज्योति साहू, नेहा चंद्राकर, यामिनी भेड़िया, यादराम विश्वकर्मा तथा विद्यार्थियों में संतोष सोरी, खगेश कोसले, जीतू दीवान, दिव्यानी चंद्राकर, देवकी ध्रुव, चांदनी मरकाम, नीलकमल, ओंकार, पुरुषोत्तम, रोहन, जितेंद्र, छतर, भावना ठाकुर, भूमिका वर्मा समेत कुल विद्यार्थी शामिल रहे।

### बद्रीनारायण स्कूल के बच्चों ने सुनी परीक्षा पे चर्चा



तिल्दा-नेवरा, 29 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आज परीक्षा पर चर्चा के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बच्चों में परीक्षा के पूर्व होने वाले मानसिक भय से बचने के लिए तनाव मुक्त कैसे रहे इस पर विशेष कार्यक्रम में बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डा राजेश कुमार चंदानी एवम 14 शिक्षक तीन समिति सदस्य और पांच पालकों के साथ कुल 458 छात्रों ने इसका लाभ लिया इस अवसर पर उपस्थित श्री वरिष्ठ बीजेपी नेता नरेंद्र शर्मा ने भी बच्चों में परीक्षा के पूर्व तनाव से कैसे मुक्त रहें इस पर अपने विचार बच्चों के समक्ष रखें इस प्रकार यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम रहा में 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पालकगण शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि फ्परीक्षा पे चर्चाफ् कार्यक्रम बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर साल परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसकी शुरुआत 2018 से हर साल की जा रही है। परीक्षा पे चर्चा का सातवां संस्करण 29 जनवरी को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत मंडपम आईटीपीओ प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस वार्षिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ छात्रों की ही नहीं बल्कि शिक्षकों और शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों को भी परीक्षा की तैयारी की चुनौतियों से निपटने के लिए सलाह दिए। और उनकी ओर से आए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। प्राचार्य डा राजेश चंदानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों की काबिलियत को समाज को समझना चाहिए।

गणतंत्र दिवस पर शहीद राजेश कुमार ध्रुव व शहीद महेंद्र ध्रुव को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

# माध्यमिक शाला में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 29 जनवरी।** नगर के मुख्य परेड ग्राउंड आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के सभी विद्यालय, सभी शासकीय संस्था मुख्य परेड ग्राउंड में एकत्र हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत थे।अध्यक्षता खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, सभापति ऋतुराज शाह, थानसिंह निषाद, वरिष्ठ पार्षद अशोक दीक्षित, यशपेंद्र शाह, हरीश यादव, पंचराम टंडन, मीना चंद्राकर, चित्ररेखा ध्रुव, रजनी लहरे, भारती सोनी, सांसद प्रतिनिधि हेमंत कंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष समीम खान, पूर्व पार्षद तुलसी राम साहू, व्यापारी संघ से रमेश शर्मा, दीनू कोठारी, सज्जन शर्मा, अब्दुल लक्की मेमन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि भोले शंकर जायसवाल के द्वारा झंडात्तोलन किया गया। नगर के सभी विद्यालय के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, रेडक्रॉस, एन.एस.एस. की टुकड़ी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा व्यवस्थित क्रम में बैण्ड की मधुर थाप पर आकर्षक मार्चपास्ट के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। सांस्कृतिक समारोह की शुरुआत राजकीय गीत के साथ हुई। आदर्श विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद राजेश कुमार ध्रुव एवं शहीद महेंद्र सिंह ध्रुव के जयघोष के साथ उपस्थित जनसमूह द्वारा मौन श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात मातृ वंदना, देशभक्ति गीतों एवं छत्तीसगढ़ की पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हुई। समारोह का मुख्य आकर्षण देशभक्ति झांकी रहा जिसमें बच्चों ने शहीद राजेश कुमार ध्रुव के जन्म से लेकर बटालियन में पदस्थ रहते हुए देश की अस्मिता की रक्षा करते हुए अपने प्राण को न्योछावर करने के मार्मिक दृश्य को संजीदगी




के साथ प्रदर्शित किया गया। अपने लाडले सपूत को याद कर सभी की आंखों में आंसू छलक पड़े।

छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सबको बांधे रखा। नगर पंचायत द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला प्रशिक्षण आयुक्त अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया एवं मिथलेश सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य रूप से राकेश शर्मा, अशोक जैन, पत्रकार मेशनंदन पांडे, इमरान मेमन, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, बी.एल.तारक, उखराज ध्रुव, चिंताराम सिन्हा, शीतल ध्रुव, रविशंकर पटेल, प्राचार्य एन.सी. साहू, के.के. साहू, प्रदीप मिश्रा, प्रधान पाठक निर्भय सिंह ठाकुर, एम.एल. साहू, संतोष वर्मा, मुरारी राम देवांगन, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, रामाधार यादव, कमलेश सिन्हा, तुलेश्वरी कंवर, सपना कंसारी, गिरधारी कुंभकार, कुलेश्वर मरकाम, थनेश्वरी यादव, अनिता चंद्राकर, उमेश ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, राम बाई सिन्हा, सुनीति बोदले, सुशील पांडे, सीमा सिंह, चंद्रवती सिन्हा, रेखा प्रधान, होरीलाल कुर्रे, संतोष निषाद, कृष्णेश यदु, टोपेश्वर साहू, विनोद देवांगन, आनंद विश्वकर्मा, ममता साहू, केशव साहू, सबीना नाज, योगेश्वरी बंजारे, श्यामा नेताम, चंद्रिका साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व्यापारीगण, गणमान्य नागरिक, विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### चोरी के आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर, 29 जनवरी।** राजधानी रायपुर में बाइक चोरी की घटना की अंजाम देने वाले पति-पत्नी दोनों अंतरराज्यीय गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी रायपुर में घूम-घूमकर घटना को अंजाम देते थे। इस दौरान आजाद चौक थाना क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी के संबंध में पुलिस ने स्टॉफ लगाकर दोनों आरोपियों को पकड़ा है।उनके कब्जे से चोरी के आठ बाइक और एक ई-रिक्शा जब्त किया गया है। यह मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है, जहां लगातार वाहन चोरी हो रही थी। इस संबंध में पुलिस स्टाफ लगाकर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पति और पत्नी दोनों मिलकर इस घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद मुखबिर के बताए हुलिए को चिन्हांकित कर पकड़ा। इस दौरान दोनों से पूछताछ करने पर गोलमटोल जवाब दिया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने बाइक चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। मौके पर नागपुर, महाराष्ट्र अस्थायी पता भनपुरी निवासी आरोपी पति अनमोल और पत्नी गीता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जी से चोरी के आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को जब्त किया है।

### अम्बिकापुर में बनने जा रहा प्रदेश का तीसरा एयरपोर्ट

**रायपुर, 29 जनवरी।** प्रदेश में इस वक्त दो जिलों में हवाई सेवाएं संचालित हैं। प्रदेश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट रायपुर में स्थित हैं तो वही से दो उड़ाने न्यायधानी बिलासपुर के चकरभाठा स्थित बिलासा बाई केंवट हवाई पट्टी से संचालित हो रही हैं। इन दोनों के बाद अब हवाई सेवा में तीसरा नाम अंबिकापुर जिले का जुड़ने वाला है। इसकी जानकारी खुद देश के सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी हैं। उन्होंने प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को खत लिखते हुए जानकारी दी हैं। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा हैं 'अंबिकापुर हवाई अड्डे का स्वामित्व छत्तीसगढ़ सरकार के पास है। उड़ान योजना के पहले दौर के अंतर्गत अंबिकापुर हवाई अड्डे को आरसीए उड़ानों के प्रचलन हेतु विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया था। हवाई अड्डे का 3ष्ट-ड्डस्नक्रके रूप में विकास कार्य पूरा हो गया है और लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। उड़ान 4.2 के तहत अंबिकापुर-बिलासपुर-अंबिकापुर और अंबिकापुर-रायपुर-अंबिकापुर मार्ग को फ्लाई बिग एयरलाइन को अवार्ड कर दिया गया है। लाइसेंस प्राप्त होने के बाद एयरलाइन अंबिकापुर से उड़ने प्रचलित कर सकती हैं।

# छग में दो चरणों में मतदान के संकेत

## लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 29 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों से ताजा जानकारी लेनी शुरू कर दी है। आयोग ने राजनीतिक दलों की बैठक 31 जनवरी को बुलाई है जिसमें मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा होगी। आठ फरवरी को मतदाता पुनरीक्षण सूची का प्रकाशन होने के बाद चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की संभावना है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार आयोग ने चालू माह में दो बार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को दिल्ली में तलब कर फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र, मतदान केंद्र, पुलिस बल एवं निर्वाचन कराने हेतु प्रशिक्षण, ईवीएम की उपलब्धता सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी ली है। आयोग के अधिकारियों के अनुसार चूंकि छग में अभी विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं इसलिए सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। आवश्यकता पड़ने पर मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। छत्तीसगढ़ में भी दो चरण में चुनाव कराए जाने की संभावना है। फरवरी माह के अंतिम सप्ताह तक चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। ऐसी संभावना आयोग के सूत्रों ने जताया है। पिछले लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी। वर्तमान में विधानसभा का बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू हो रहा है। वहीं लोकसभा का भी बजट सत्र एक फरवरी से शुरू हो रहा है। चुनाव को देखते हुए केंद्र द्वारा अंतरिम बजट पेश किया जाएगा।

### 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

आयोग के अनुसार फिलहाल मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसमें नियत तिथि में जिनकी आयु 18 वर्ष होगी उनका नाम जोड़ा जाएगा। मतदाता सूची में विलोपन एवं अन्य कार्य किए जाएंगे। आठ फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव की सभी तैयारियां अंतिम रूप से शुरू कर दी जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार वीडियोग्राफी तथा अन्य कार्य के भी ठेके शुरू कर दिए जाएंगे। ठेके का कार्य जिलों को दिया जाएगा। मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की संख्या बढ़ा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ 4 लाख मतदाता हैं। कुल 11 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा।

### भाजपा-कांग्रेस की तैयारियां शुरू

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार लोकसभा प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हो चुकी है। यहां पर अगले सप्ताह प्रत्याशी चयन की बैठक नई दिल्ली में होगी। छत्तीसगढ़ के लिए रजनी पाटिल की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा महत्वपूर्ण होगी। स्क्रीनिंग कमेटी के सामने भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत एवं शिव डहरिया को चुनाव लड़ाने की अनुशंसा सामने आई है। अभनुपर विधानसभा में कांग्रेस से पराजित प्रत्याशी धनेन्द्र साहू ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। भाजपा के कलस्टर ग्रुप के तहत अब अनेक जिलों में कार्यालय शुरू किए जाएंगे। राष्ट्रीय नेता जेपी नड्डा के भी आने की संभावना है। भाजपा में टिकिट मांगने वालों की होड़ मची हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संगठन मंत्री पवन साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी चुनाव को लेकर कई बैठकें कर चुके हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी में लगे डीएलओ, बीएलओ और एएलओ को छोड़कर ऐसे कर्मचारी जो कि पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं उनके स्थानांतरण की भी अनुशंसा की गई है।

## शिक्षा मंत्री से राज्य स्तरीय कराटे के विजेता खिलाड़ियों ने की मुलाकात



**रायपुर 29 जनवरी।** शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से आज उनके निज निवास पर राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले रायपुर शहर के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। मेडल जीतने वाले कराटे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे एवं अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी हर्षा साहू के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से मुलाक़ात की। मंत्री श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कालेज-स्कूल की परीक्षाएं खत्म होने तक शिक्षा विभाग में नहीं होंगे तबादले

**शिक्षा मंडल और विश्वविद्यालयों में चल रही परीक्षाएं**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 29 जनवरी।** शासन के उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग में चल रही परीक्षाओं को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यो तथा व्याख्याताओं के स्थानांतरण नहीं किए जाएंगे।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब शिक्षा विभाग में स्थानांतरण को लेकर चर्चा का बाजार काफी गर्म है। इस समय कई जिला शिक्षा अधिकारी स्थानांतरण को लेकर सशंकित है। वे मंत्रालय से लेकर संचालनालय तक चक्कर काट रहे हैं। शिक्षा मंत्री से मिलने वालों की होड़ लगी हुई है। बताया जाता है कि शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा की तिथियां घोषित किए जाने के बाद अभी किसी का स्थानांतरण नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय में सेमेस्टर स्तर की परीक्षाएं चल रही है इसलिए उपसंचालक, प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के स्थानांतरण को रोक दिया गया है। इस समय प्राध्यापकों की काफी कमी है। बड़ी संख्या में महाविद्यालय खोल दिए गए हैं जिसके चलते अतिथि प्राध्यापकों के सहारे महाविद्यालय चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने बजट को लेकर अपने विभागों के प्रश्नोत्तर, बजट एवं अन्य बिन्दुओं पर अधिकारियों से चर्चा की। ईओडब्ल्यू द्वारा पूर्व मंत्रियों एवं पूर्व विधायकों को शराब तथा कोयला घोटाले में आरोपी बनाया गया है। यह विभाग सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत आता है इसलिए इस फाइल में भी मुख्यमंत्री का हस्ताक्षर लिया जाएगा। बजट सत्र में बजट के पहले तत्कालिक खर्चों के लिए अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ का बजट सत्र 5 फरवरी से 1 मार्च तक

**रायपुर 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की विदाई के बाद बनी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार इस बार अपना पहला बजट पेश करेगी. छत्तीसगढ़ विधानसभा में 5 फरवरी से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है. अधिसूचना के मुताबिक, सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी. सत्र 1 मार्च तक चलेगा. बता दें कि बजट सत्र के लिए अब तक 1540 सवाल पूछे जा चुके हैं. इनमें 720 तारांकित और 716 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इस दौरान बजट पेश होने के साथ ही नई सरकार की योजनाएं और उन्हें लागू करने के तरीके सामने आएंगे. इसमें सरकार कई बिल ला सकती है । सत्र 5 फरवरी से शुरू होने जा रहा है. इसमें सीएम विष्णुदेव साय अपनी सरकार का पहला बजट पेश करेंगे. इस सत्र में जहां विपक्ष के आक्रामक होने का असर दिख रहा है, वहीं पिछली सरकार के कथित घोटालों को लेकर भी पार्टी सदन में मुखर रहेगी. तत्कालीन सरकार से जुड़े मामले भी सदन में उठाये जायेंगे।

# स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होंगे योग और प्राणायाम : शिक्षा मंत्री

**रायपुर, 29 जनवरी।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने यह घोषणा राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए की। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके पालकों और उपस्थित शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने की जिम्मेदारी परिजनों से ज्यादा शिक्षकों पर होती है क्योंकि एक उम्र के बाद उनका ज्यादा वक्त स्कूल में गुजरता है। यह समझना चाहिए कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं और शिक्षक कुम्हार की तरह, जो बच्चों को एक रूप व आकार देते हैं जिससे उनके बेहतर चरित्र का निर्माण हो सके। इसीलिए सनातन धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। इसके लिए हम हमेशा नए योजनाओं के साथ कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से राष्ट्र-प्रेम की भावना प्रबल हो तथा अपनी संस्कृति और श्रेष्ठ परंपराओं के प्रति आकर्षण बढ़े ऐसा हमारा प्रयास है।

### मुख्य न्यायाधिपति ने किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ

**रायपुर, 29 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के द्वारा बांग्लादेश के 50 न्यायिक अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के लिए यह ऐतिहासिक पल है क्योंकि न्यायिक अकादमी के बनने के बाद से अब तक यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम है जो अकादमी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा एवं माननीय न्यायाधिपति श्री संजय के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा सका है तथा उनके मार्गदर्शन में आज 28 जनवरी 2024 को इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ किया गया।









कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26